मुंबई(महाराष्ट्र) से प्रकाशित
हिन्दी दैनिक
# उत्तरशक्ति
हर खबर निष्पक्षता के साथ
मुंबई
वर्ष: 8 अंक 173
सोमवार, 05 जनवरी 2026
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshaktinews.com

## बीएमसी चुनाव 2026: उद्धव-राज ठाकरे का संयुक्त वचननामा, मुंबई के लिए बड़े वादे

**मुंबई, 04 जनवरी।** मुंबई की राजनीति में शनिवार को एक दिलचस्प और अहम मोड़ देखने को मिला। करीब दो दशक बाद राजनीतिक मतभेद भुलाकर साथ आए शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) प्रमुख उद्धव ठाकरे और महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे ने आगामी मुंबई महानगरपालिका चुनावों के लिए अपना संयुक्त घोषणा-पत्र वचननामा जनता के सामने रखा। इसे दोनों नेताओं ने जनता के चरणों में समर्पित बताते हुए मराठी मानुष और मुंबई के हितों की रक्षा के लिए बनी शिव-शक्ति का प्रतीक बताया।

बता दें कि यह वचननामा 15 जनवरी को होने वाले बीएमसी चुनावों को ध्यान में रखते हुए जारी किया गया, जिन्हें मुंबई की सत्ता का सेमीफाइनल भी कहा जाता रहा है। मौजूद जानकारी के अनुसार, शिवसेना (यूबीटी)-एमएनएस गठबंधन ने अपने घोषणा-पत्र में किफायती आवास, स्वास्थ्य, शिक्षा और सार्वजनिक परिवहन को मजबूत करने जैसे मुद्दों को प्राथमिकता दी है।

गौरतलब है कि इस गठबंधन ने घरेलू सहायिकाओं और कोली समुदाय की महिलाओं के लिए स्वाभिमान निधि योजना का वादा किया है, जिसके तहत उन्हें हर महीने 1,500 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी, जो मुख्यमंत्री लाडकी बहन योजना की तर्ज पर होगी हैं। इसके साथ ही मीना ताई ठाकरे के नाम पर मां साहेब रसोई शुरू करने की घोषणा की गई है, जहां 10 रुपये में नाश्ता और दोपहर



का भोजन उपलब्ध कराया जाएगा।

घोषणा-पत्र में यह भी कहा गया है कि 700 वर्गफुट तक के घरों को प्रॉपर्टी टैक्स से राहत दी जाएगी और पुनर्विकसित इमारतों में हर फ्लैट को एक पार्किंग स्लॉट सुनिश्चित करने के लिए नियमों में बदलाव किया जाएगा हैं। सार्वजनिक परिवहन को लेकर गठबंधन ने न्यूनतम बस किराया 10 रुपये से घटाकर 5 रुपये करने, नए बस रूट और अतिरिक्त बसें शुरू करने की बात कही।

शिक्षा के क्षेत्र में बीएमसी द्वारा संचालित ह्यमुंबई पब्लिक स्कूलह्व में जूनियर केजी से लेकर 12वीं तक पढ़ाई की सुविधा देने का वादा किया गया है, जबकि गिग वर्कर्स के लिए ई-बाइक खरीदने हेतु 25,000 रुपये तक के ब्याज-मुक्त ऋण की योजना भी शामिल की गई।

वचननामा जारी करते हुए दोनों ठाकरे बंधुओं ने भाजपा पर तीखा हमला बोला है। उद्धव ठाकरे ने आरोप लगाया कि लोकतंत्र कमजोर किया जा रहा है और निर्विरोध जीत दिलाने के लिए उम्मीदवारों की चोरी की जा रही है। उन्होंने ऐसे मामलों में दोबारा चुनाव कराने और रिटर्निंग अफसरों की कॉल डिटेल्स की जांच की मांग भी उठाई है। राज ठाकरे ने भी भाजपा-शिवसेना गठबंधन पर निशाना साधते हुए कहा कि महाराष्ट्र को उत्तर प्रदेश-बिहार की राह पर ले जाया जा रहा है, जो राज्य के भविष्य के लिए खतरनाक है। गौरतलब है कि 2017 के बीएमसी चुनावों में अविभाजित शिवसेना 84 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी बनी थी, जबकि भाजपा 82 सीटों के साथ दूसरे स्थान पर रही थी।

## 1,700 एकड़ से अधिक आरक्षित वन भूमि से अतिक्रमण हटाया गया: हिमंत विश्व शर्मा

**असम, 04 जनवरी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा है कि असम के होजई जिले में 1,700 एकड़ से अधिक आरक्षित वन भूमि को अतिक्रमणसेमुक्त करा लिया गया है। मुख्यमंत्री ने जोर देकर कहा कि किसी भी तरह का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

शर्मा ने शनिवार को एक्स पर एक पोस्ट में 1,732.5 एकड़ क्षेत्र में चलाए गए बेदखली अभियान का जिक्र करते हुए कहा, जमुना-मउडांगा आरक्षित वन (आरएफ) में अवैध अतिक्रमण का खेल खत्म (गेम ओवर)। शांतिपूर्ण, कानूनी और निर्णायक कार्रवाई के माध्यम से 5,250 बीघा भूमि को पुनः प्राप्त करने के साथ मिशन पूरा हुआ।

शर्मा ने कहा, किसी चीट कोड की आवश्यकता नहीं है। इसे चेतावनी समझें: अवैध अतिक्रमण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वर्ष



2021 में शर्मा के नेतृत्व वाली सरकार के सत्ता में आने के बाद से, कथित अतिक्रमणकारियों से जमीन खाली कराने के लिए कई बेदखली अभियान चलाए गए हैं जिससे मुख्य रूप से बांग्ला भाषी मुस्लिम आबादी प्रभावित हुई है।

शर्मा ने नए साल के अवसर पर पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा था कि अब तक 1,45,000 बीघा (47,850 एकड़) भूमि को मुक्त कराने के लिए बेदखली अभियान चलाए गए हैं। पिछले साल तीन नवंबर को मुख्यमंत्री ने दावा किया था कि अतिक्रमण हटाने के लिए बेदखली अभियान जारी रहेगा और उनकी सरकार के तहत अवैध मियां शांति से नहीं रह सकते।

मिया मूल रूप से असम में बांग्ला भाषी मुसलमानों के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला एक अपमानजनक शब्द है, और गैर-बांग्ला भाषी लोग आम तौर पर उन्हें बांग्लादेशी अप्रवासी मानते हैं।

## डिजिटल अरेस्ट धोखाधड़ी में बुर्जुग से 7.12 करोड़ रुपये की ठगी

**हैदराबाद, 04 जनवरी।** हैदराबाद में मुंबई पुलिस अधिकारी बनकर डिजिटल अरेस्ट धोखाधड़ी करने वाले जालसाजों ने 81 वर्षीय एक व्यक्ति को मादक पदार्थ तस्करी रैकेट में शामिल होने की धमकी देकर सत्यापन के बहाने उससे 7.12 करोड़ रुपये ठग लिए। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार, साइबर ठगों ने पीड़ित को पिछले साल 27 अक्टूबर को फोन किया और खुद को एक कूरियर कंपनी का प्रतिनिधि बताते हुए दावा किया कि मुंबई से थाईलैंड भेजे गए एक पार्सल में एमडीएमए (मादक पदार्थ), पासपोर्ट और कुछ डेबिट और क्रेडिट कार्ड मिला है जिसे मुंबई पुलिस को सौंप दिया गया है।

पुलिस अधिकारी ने बताया कि इसके बाद, एक अन्य व्यक्ति ने मुंबई



पुलिस अधिकारी बनकर बुजुर्ग को फोन किया और कहा कि वह मादक पदार्थ तस्करी, धन शोधन एवं आतंकवादी गतिविधियों के एक बड़े रैकेट में शामिल है। उन्होंने बताया कि जालसाजों ने बैंक खाते के सत्यापन और मामले से बचने के बहाने बुजुर्ग से पैसे हस्तांतरित करवाए।

पीड़ित बुजुर्ग ने दो महीने के भीतर कुल 7.12 करोड़ रुपये हस्तांतरित कर दिए। जब जालसाजों ने और पैसे मांगे तो उन्होंने 30 दिसंबर को तेलंगाना साइबर सुरक्षा ब्यूरो में इसकी शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। डिजिटल अरेस्ट ठगी का वह तरीका है जिसमें जालसाज पुलिस या जांच एजेंसियों के अधिकारी बनकर वीडियो फोन के माध्यम से पीड़ितों को बंधक बनाकर उनसे पैसे ठग लेते हैं।

## मुख्यमंत्री माझी ने अमा बस द्वारा बार-बार होने वाली दुर्घटनाओं पर चिंता जताई

**ओडिशा, 04 जनवरी।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने रविवार को राज्य द्वारा संचालित अमा बस के कारण होने वाली लगातार दुर्घटनाओं पर गंभीर चिंता व्यक्त की और अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे चालकों को कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण मुहैया कराएं और उनमें संवेदनशीलता विकसित करें।

मुख्यमंत्री ने यह निर्देश शनिवार को यहां अमा बस के कारण हुई दुर्घटना में एक ऑटो रिक्शा चालक की मौत के एक दिन बाद जारी किया है। पुलिस ने बताया कि दो यात्रियों को लेकर जा रहा ऑटो-रिक्शा व्यस्त रूपाली चौक पर लाल बत्ती के कारण रुककर इंतजार कर रहा था, तभी अमा बस ने उसे पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे में ऑटो रिक्शा चालक की मौत हो गई, जबकि एक छात्रा समेत दो यात्री घायल हो गए।

एक अधिकारी ने बताया, एक यात्री का कैपिटल हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है, जबकि दूसरे घायल को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई है। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के बाद मौके से फरार हुए बस चालक को गिरफ्तार कर गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया है।

माझी ने जाजपुर जिले के 62 वर्षीय बिष्णु पात्रा नामक ऑटो रिक्शा चालक की मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया और मुख्यमंत्री राहत कोष (सीएमआरएफ) से चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने घायल छात्रा नमिता प्रधान (21) के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना भी की।

मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, उन्होंने परिवहन विभाग को राजधानी क्षेत्र शहरी परिवहन (सीआरयूटी) के समन्वय से इस समस्या को सुधारने के लिए कदम उठाने का निर्देश दिया है, जो शहर की बसों का संचालन करता है। मुख्यमंत्री ने बताया कि उन्होंने अमा बस चालकों के कौशल विकास के लिए नियमित प्रशिक्षण का निर्देश दिया है, जिसमें उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया गया है।

विशेष रूप से उन्होंने चालकों में संवेदनशीलता विकसित करने के लिए एक प्रशिक्षण मॉड्यूल तैयार करने का सुझाव दिया है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने परिवहन विभाग को नियमित अंतराल पर बसों कीजांच करने के लिए एक विशेष दल गठित करने का भी निर्देश दिया है।

उन्होंने परिवहन विभाग को स्थिति की नियमित समीक्षा करने और यह सुनिश्चित करने के प्रयास करने की सलाह दी कि ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं दोबारा न हों। मुख्यमंत्री से निर्देश मिलने के तुरंत बाद, परिवहन आयुक्त अमिताभ ठाकुर के नेतृत्व में एक टीम ने यहां मास्टर कैंटीन स्थित अमा बस स्टैंड पर प्रवर्तन अभियान शुरू किया। इसी प्रकार, सीआरयूटी ने मृतक के परिवार के लिए दो लाख रुपये और घायल कॉलेज छात्र के लिए 50,000 रुपये की तत्काल राहत राशि की घोषणा की है।

## बाड़मेर-बालोतरा सीमा का पुनर्गठन तुगलकी आदेश : अशोक गहलोत

**जयपुर, 04 जनवरी।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राज्य की भाजपा सरकार द्वारा शनिवार देर रात किए गए बाड़मेर और बालोतरा जिलों की सीमाओं के पुनर्गठन की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने रविवार को इस कदम को तुगलकी आदेश करार देते हुए कहा कि यह जल्दबाजी में लिया गया निर्णय है जो जनहित के खिलाफ है। गहलोत ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, बायतू को बाड़मेर जिले में और गुड़ामालानी- धोरीमन्ना को बालोतरा में शामिल करने का निर्णय प्रशासनिक दृष्टि से कतई तर्क संगत नहीं है। इससे गुड़ामालानी क्षेत्र की जनता के लिए जिला मुख्यालय की दूरी कम होने के बजाय और बढ़ गई है। गहलोत ने कहा, यह आम जनता के साथ घोर अन्याय है। स्पष्ट है कि यह निर्णय जनसुविधा के लिए नहीं बल्कि आगामी परिसीमन और सियासी समीकरणों को साधने के लिए लिया गया है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने प्रशासन को जनता के द्वार तक पहुंचाने की मंशा से नए जिले बनाए थे, लेकिन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की मौजूदा सरकार जनभावनाओं को दरकिनार कर केवल सियासी रोटियां सेकने में व्यस्त है। उन्होंने इस कदम की कड़े शब्दों में निंदा की।

## शिवसेना शिंदे में रायगड जिले के कई पदाधिकारियों की नियुक्ति

### सी.पी.प्रजापति बनाए गए रायगड जिला प्रमुख

**नवीं मुंबई।** मुख्य कार्यालय-२सी, बालासाहेब भवन, नरीमन पॉइंट शिवसेना न्याय मंदिर भवन मुंबई-१२ में शनिवार 3 जनवरी को मावल लोकसभा क्षेत्र के शिवसेना उत्तर भारतीय संघटन रायगड जिला प्रमुख(कार्यक्षेत्र पनवेल, कर्जत उरण) के पद पर चंद्र प्रताप प्रजापति (सीपी) को नियुक्त किया गया। उनके साथ में प्रयाग शाह को खांदा कॉलोनी नवीन पनवेल पश्चिम, रंजीत श्रीनिवास सिंह को करंजाड़े पनवेल, इंद्र बैजनाथ प्रजापति को पनवेल, विकास सत्यनारायण शर्मा को नवीन पनवेल पूर्व का शहर प्रमुख पद पर नियुक्ति प्रदान की गई। इस अवसर पर शिवसेना राष्ट्रीय प्रवक्ता व उत्तर भारत समन्वयक, उत्तर भारतीय संघटन गुलाब चंद दुबे, शिवसेना महाराष्ट्र राज्य कार्याध्यक्ष जय प्रकाश सिंह उत्तर भारतीय संघटन, दिनेश सिंह शिवसेना महाराष्ट्र कोषाध्यक्ष उत्तर भारतीय संघटन, अनिल शुक्ला शिवसेना



महाराष्ट्र उपाध्यक्ष उत्तर भारतीय संघटन, श्री शैलेश राय जी , राजेश सिंह सचिव महाराष्ट्र शिवसेना उत्तर भारतीय संघटन, समाजसेवी एस.एन. शर्मा तथा अन्य गणमान्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहकर उज्वल राजनैतिक भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान किया।

इस अवसर पर नए पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए गुलाब चंद दुबे जी ने कहा कि शिवसेना को रायगड जिला में एक नंबर पर आगे बढ़ाना है। आप सभी लोग मिलकर शिवसेना को शिखर की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने का काम कीजिए।

उन्होंने जोर देकर यह भी कहा कि अभी जो महानगर पालिका का चुनाव होने जा रहा है उसमें आप सभी लोग मिलकर जोर लगाइए और अपने पार्टी के प्रत्याशियों को विजई बनाइए, उनके लिए प्रचार करिए।

सी.पी.प्रजापति अपने तथा अपने साथियों की नियुक्ति पर आभार व्यक्त किया तथा आश्वस्त करते हुए आश्वासन दिया कि हम लोग आपके विश्वास पर खरा उतरने की कोशिश करेंगे। हम लोगों की कोशिश यह रहेगी कि रायगड जिला में शिवसेना एक नंबर पर आ जाए।

## मोगा में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या

**पंजाब।** पंजाब के मोगा जिले में अज्ञात हमलावरों ने एक व्यक्ति की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, उमरसिर सिंह को भिंडर कलां गांव में उस समय गोली मार दी गई, जब वह काम पर जाने के लिए अपनी कार से घर से निकले थे।

पुलिस ने बताया कि वह मोगा स्थित नेस्ले संयंत्र में काम करते थे और हमलावरों ने उन पर 10-12 गोलियां चलाईं। पुलिस को संदेह है कि हत्या के पीछे का कारण ग्राम स्तर की राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता हो सकती है।

पुलिस के अनुसार, सिंह की उम्र 30 वर्ष से अधिक थी। वह अपने गांव की राजनीति में सक्रिय थे और एक मजदूर संघ के नेता भी थे।







## वेनेजुएला पर अमेरिकी हमले से उठा सवाल, क्या ट्रंप ने अंतरराष्ट्रीय कानूनों को ताक पर रख दिया है?

डोनाल्ड ट्रंप द्वारा वेनेजुएला पर की गयी सैन्य कार्रवाई तथा एक संप्रभु राष्ट्र के राष्ट्रपति की गिरफ्तारी का दावा विश्व व्यवस्था के लिये एक भयंकर झटका है। यह केवल एक सैन्य और राजनीतिक घटना नहीं है बल्कि यह अंतरराष्ट्रीय कानून, कूटनीति और विश्वशांति के मूल सिद्धांतों पर सीधा प्रहार है। अमेरिका ने वेनेजुएला पर सैन्य आक्रमण कर उसके राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को गिरफ्तार करने का दावा किया है। यह अंतरराष्ट्रीय जगत में एक संवेदनशील और ऐतिहासिक घटनाक्रम है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने घोषणा की है कि अमेरिका ने वेनेजुएला के खिलाफ बड़े पैमाने पर हवाई और सैन्य हमले किये हैं। ट्रंप ने कहा है कि मादुरो और उनकी पत्नी को हिरासत में लिया गया है तथा देश से निकाल दिया गया है और वे अगली कानूनी प्रक्रिया के लिये अमेरिका ले जाये गये हैं। इस कार्रवाई को ट्रंप ने अपनी योजना के मुताबिक सफल बताया है तथा इसे वेनेजुएला में लोकतंत्र की बहाली की दिशा में एक निर्णायक कदम बताया है। हालांकि हमले के विवरण और ठोस प्रमाण अभी तक सार्वजनिक रूप से उपलब्ध नहीं कराये गये हैं।

वहीं वेनेजुएला सरकार ने इसे अमेरिकी सैन्य आक्रमण तथा आंतरिक संप्रभुता का उल्लंघन बताया है। साथ ही वेनेजुएला में राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा की गयी है तथा नागरिकों से व्यापक विरोध और प्रतिरोध की अपील की गयी है। इस बीच, विश्व समुदाय के कई देश इस घटना पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं, कुछ ने इसे कूटनीति की आवश्यकता बताया है जबकि रूस, चीन तथा अन्य ने कड़ी निंदा की है।

देखा जाये तो डोनाल्ड ट्रंप द्वारा वेनेजुएला पर की गयी सैन्य कार्रवाई तथा एक संप्रभु राष्ट्र के राष्ट्रपति की गिरफ्तारी का दावा विश्व व्यवस्था के लिये एक भयंकर झटका है। यह केवल एक सैन्य और राजनीतिक घटना नहीं है बल्कि यह अंतरराष्ट्रीय कानून, कूटनीति और विश्वशांति के मूल सिद्धांतों पर सीधा प्रहार है। जब किसी देश का नेता बिना संयुक्त राष्ट्र के अनुरोध, बिना स्पष्ट अंतरराष्ट्रीय विधिक अधिकरण के निर्देश और बिना अन्तरराष्ट्रीय समुदाय की सहमति के किसी दूसरे देश में सैन्य हस्तक्षेप कर उसके सर्वोच्च नागरिक नेतृत्व को हटा देता है तो यह कृत्य न केवल उन मूलभूत मानकों का उल्लंघन है जिन पर आधुनिक विश्व राजनीति टिकी हुई है बल्कि यह नए वैश्विक संकटों के लिये एक मिसाल भी स्थापित करता है। पहला सवाल यह है कि क्या ट्रंप का कदम जायज है? क्या ऐसा किसी भी न्यायिक या राजनीतिक मानक पर सही ठहराया जा सकता है? देखा जाये तो संप्रभुता किसी भी वैश्विक समझ का मूल आधार है और किसी भी देश की आंतरिक व्यवस्थाओं के प्रति बाहरी हस्तक्षेप को तभी वैध ठहराया जा सकता है जब वह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के भीतर व्यापक बहुमत द्वारा अनुमोदित हो या जब प्रत्यक्ष एवं सुनिश्चित मानवाधिकार संकट हो। नरसंहार या बड़े पैमाने पर युद्ध अपराध की स्थितियों में अंतरराष्ट्रीय समुदाय से ऐसी स्वीकृति मिल सकती है लेकिन वेनेजुएला में ऐसे कोई हालात नहीं थे। वेनेजुएला की परिस्थिति चाहे जितनी भी विवादास्पद और जटिल रही हो, अमेरिका का यह एकतरफा सैन्य निर्णय अंतरराष्ट्रीय कानून तथा संयुक्त राष्ट्र चार्टर के मूल सिद्धांतों के सीधे विपरीत है। इसे केवल एक देश के भीतर मानवीय संकट या राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के समाधान के रूप में पेश करना नास्तिकता के समान है। ट्रंप प्रशासन के पास यदि मादुरो के खिलाफ वाकई मजबूत सबूत थे तो उन्हें अंतरराष्ट्रीय न्यायालय या किसी बहुपक्षीय मंच पर प्रस्तुत किया जाना चाहिये था न कि अपने देश की सैन्य ताकत का उपयोग कर सीधे हस्तक्षेप करना चाहिए था।

दूसरा सवाल यह है कि क्या कूटनीति की दुनिया में इस कदम को उचित कहा जा सकता है? देखा जाये तो कूटनीति वैचारिक मतभेदों, राजनीतिक तनावों तथा सत्ता के संघर्षों को बातचीत, समझौते और मध्यस्थता के जरिये सुलझाने की कला है। कूटनीति कभी प्रत्यक्ष हिंसात्मक उपायों को प्रोत्साहित नहीं करती। यदि अमेरिका को वास्तव में वेनेजुएला की वर्तमान प्रणाली में विसंगतियाँ और समस्यायें दिखतीं थीं तो उसके लिये संयुक्त राष्ट्र, ओएएस या किसी अन्य बहुपक्षीय संगठन के साथ मिलकर दबाव बनाना अधिक न्यायोचित और प्रभावी विकल्प होता। इसलिए ट्रंप प्रशासन का यह कदम कूटनीति की भावना का उल्लंघन है और यह उन सभी प्रयासों को भी बेअसर करता है जो शांति, संयम और सामूहिक समाधान की ओर इंगित करते हैं। जब राजनयिक रास्ता खुला रहता है तो हवाई हमले, बमबारी और अस्थिरता फैलाने वाले कदम किसी भी सभ्य कूटनीतिक प्रणाली का अंग नहीं बन सकते। अब तीसरा सवाल यह है कि आगे वेनेजुएला का क्या होगा? देखा जाये तो उस देश का एक अस्थिर भविष्य बेहद संभावित है। हिंसात्मक कार्रवाई के परिणामस्वरूप वेनेजुएला के भीतर सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक परिस्थितियाँ और भी भयावह हो सकती हैं। यह देश पहले ही आर्थिक मंदी, मुद्रास्फीति तथा सामाजिक असंतोष का शिकार है, ऐसे में एक बाहरी सैन्य हमले से जनता का मनोबल गिर सकता है, नागरिक प्रतिरोध भड़क सकता है तथा आंतरिक संघर्ष और अधिक गहरा हो सकता है। इसके अलावा यह कदम लैटिन अमेरिका में क्षेत्रीय स्थिरता को भी दहला सकता है और पड़ोसी देशों को संयुक्त राष्ट्र की प्रतिबद्धता पर पुनर्विचार करने को मजबूर कर सकता है।

चौथा सवाल अंतरराष्ट्रीय सामरिक प्रभावों से संबंधित है। देखा जाये तो डोनाल्ड ट्रंप की यह नीति, वैश्विक सामरिक संतुलन पर लंबी अवधि में गंभीर प्रभाव डाल सकती है। ट्रंप द्वारा ईरान के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करते हुए धमकी देना और अब वेनेजुएला पर प्रत्यक्ष सैन्य हस्तक्षेप जैसे कदम यह संकेत देते हैं कि अमेरिका एक ऐसा वैश्विक प्रहरी बनने की इच्छा रखता है जो अपने हितों को थोपने के लिये सैन्य बल का उपयोग करता है यह विश्वको दोध्रुवी युद्ध कर सकता है। निश्चित ही यह सब अमेरिका की विरोधी शक्तियों को एकजुट करने का काम करेगा। रूस, चीन और अन्य राष्ट्र पहले ही अमेरिका के इस कदम की निंदा कर चुके हैं तथा इसे सामरिक आक्रमण बता रहे हैं। देखा जाये तो वैश्विक सुरक्षा तंत्र पहले से ही तनावों और विभाजनों से जूझ रहा है, ऐसे में एक प्रमुख सुपरपावर द्वारा एक संप्रभु राष्ट्र के खिलाफ हमला करना वैश्विक शासन और सहयोग के लिये एक गंभीर प्रश्न छोड़ता है। देखा जाये तो अंतरराष्ट्रीय न्याय और मानवाधिकार का सम्मान केवल शब्दों में नहीं होना चाहिए बल्कि उसे कार्यनीतिक फैसलों और कार्रवाइयों में भी प्राथमिकता दी जानी चाहिये। एक अनियंत्रित और एकतरफा सैन्य कार्रवाई का समर्थन करना दीर्घकालीन वैश्विक स्थिरता, शांति तथा न्याय की भावना के खिलाफ होगा। ट्रंप के इस निर्णय ने यह स्पष्ट कर दिया है कि मनमाने ढंग से सेना, हथियार तथा सैन्य बल की धमकी का प्रयोग अंतरराष्ट्रीय कूटनीति और सहयोग को कमजोर करता है तथा विश्व समुदाय के विश्वास को तोड़ता है। इसलिए वर्तमान परिस्थिति में वैश्विक समुदाय को संयम, संवाद और न्यायिक प्रक्रिया की ओर लौटना चाहिए तभी हम एक बेहतर, अधिक सुरक्षित और अधिक न्यायसंगत विश्व की कल्पना कर सकते हैं। -नीरज कुमार दुबे

# काशी में गेंद नहीं, भविष्य उछाला गया है



-सुरेश गांधी

**काशी ने सदियों से बहुत कुछ देखा है, साम्राज्यों का उत्थान और पतन, धर्म का दर्शन और दर्शन का धर्म, घाटों पर जीवन और चिताओं पर मृत्यु। लेकिन अब काशी एक और दृश्य देख रही है, मैदान में उछलती गेंद के साथ उछलता हुआ भविष्य। प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में 4 से 11 जनवरी तक आयोजित 72वीं सीनियर राष्ट्रीय वॉलीबॉल चैंपियनशिप केवल खेल कैलेंडर की एक तिथि नहीं है। यह उस राजनीतिक, सामाजिक परिवर्तन का संकेत है, जिसमें खेल को पहली बार गंभीरता से नीति और राष्ट्रनिर्माण के विमर्श में स्थान मिला है। मतलब साफ है खेल अब हाशिये का विषय नहीं. लंबे समय तक भारतीय राजनीति में खेल एक ऐसा विषय रहा, जिसे भाषणों में सराहा गया, लेकिन नीतियों में टाल दिया गया। बजट में खेल को अक्सर ‟बचता हुआ कॉलम‟ माना गया। पर तस्वीर अब बदल रही है। डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, सिगरा में बने अंतरराष्ट्रीय मानकों के टफलेक्स कोर्ट यह बताते हैं कि खेल अब अनुदान का विषय नहीं, निवेश का क्षेत्र बन चुका है। यह बदलाव संयोग नहीं, बल्कि राजनीतिक इच्छाशक्ति का परिणाम है**

प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में इन दिनों केवल गलियों, घाटों और मंदिरों की चर्चा नहीं है, बल्कि खेल इतिहास का एक नया अध्याय आकार ले रहा है। सदियों से अध्यात्म, दर्शन और संस्कृति की वैश्विक राजधानी रही काशी अब राष्ट्रीय खेल मानचित्र पर भी अपनी सशक्त उपस्थिति दर्ज कराने की ओर अग्रसर है। 4 से 11 जनवरी तक आयोजित होने वाली 72वीं सीनियर राष्ट्रीय वॉलीबॉल चैंपियनशिप इसी परिवर्तन का जीवंत प्रमाण है। यह आयोजन मात्र एक प्रतियोगिता नहीं, बल्कि उस सोच का विस्तार है जिसमें खेल को मनोरंजन या शौक नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की बुनियादी इकाई माना जाता है। डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, सिगरा में दो अत्याधुनिक अंतरराष्ट्रीय मानकों वाले टफलेक्स कोर्ट पर खेले जाने वाले मुकाबले यह संकेत देते हैं कि अब उत्तर प्रदेश खेलों में भी आत्मनिर्भरता और वैश्विक गुणवत्ता की ओर कदम बढ़ा चुका है। वरिष्ठ खेल पत्रकार पद्मपति शर्मा मानते हैं कि खेल को केवल स्कोरबोर्ड से पढ़ना, समाज को अधूरा समझने जैसा है। उनके शब्दों में खेल वह आईना है, जिसमें समाज अपनी सामूहिक चेतना, अनुशासन, धैर्य और संघर्ष को देखता है। जब किसी शहर में राष्ट्रीय स्तर का खेल आयोजन होता है, तो उसका प्रभाव केवल खिलाड़ियों तक सीमित नहीं रहता, वह पूरे समाज की मानसिकता को प्रभावित करता है।

काशी जैसे शहर में, जहाँ परंपरा और परिवर्तन अक्सर आमने-सामने खड़े दिखते हैं, खेल एक सेतु का काम करता है। यह आयोजन साबित करता है कि आधुनिकता और संस्कृति एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हो सकते हैं। लंबे समय तक उत्तर प्रदेश को प्रतिभाओं की खान तो माना गया, लेकिन खेल ढांचे की कमी एक बड़ा अवरोध रही। खिलाड़ी निकलते रहे, लेकिन उन्हें मंच और संसाधन अक्सर बाहर तलाशने पड़े। 72वीं सीनियर राष्ट्रीय वॉलीबॉल चैंपियनशिप इस धारणा को तोड़ती है। डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में बने टफलेक्स कोर्ट केवल तकनीकी संरचना नहीं, बल्कि खेल नीति में आए बदलाव का प्रतीक हैं। यह संदेश साफ है, अब प्रदेश सिर्फ खिलाड़ी नहीं देगा, बल्कि विश्वस्तरीय प्रतिस्पर्धा की मेजबानी भी करेगा। इस आयोजन का सबसे बड़ा सामाजिक प्रभाव स्थानीय युवाओं पर पड़ेगा। जब किसी शहर का किशोर अपने ही परिसर में देश के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को खेलते देखता है, तो उसके सपने भी राष्ट्रीय हो जाते हैं। खेल केवल प्रेरणा नहीं देता, बल्कि विकल्प देता है - करियर का, पहचान का और आत्मविश्वास का। काशी की संकरी गलियों, ग्रामीण अंचलों और स्कूलों में छिपी प्रतिभाओं के लिए यह आयोजन एक खुला निमंत्रण है कि वे भी मैदान में उतरें, अभ्यास करें और आगे बढ़ें।

जब काशी में राष्ट्रीय वॉलीबॉल चैंपियनशिप का उद्घोष होता है, तो यह सिर्फ खेल कैलेंडर की तारीख नहीं होती, यह समाज की सोच में आए बदलाव की घोषणा होती है। यह आयोजन बताता है कि परंपरा की धरती पर भविष्य का मैच खेला जा सकता है, और खेल केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि राष्ट्र की सामूहिक चेतना का विस्तार है। काशी ने एक बार फिर साबित किया है यह शहर केवल अतीत को संजोता नहीं, भविष्य को गढ़ता भी है। काशी को अक्सर परंपरा के नाम पर वर्तमान से काटकर देखने की भूल की गई। माना यह शहर सिर्फ अतीत में जीने के लिए बना हो। लेकिन वॉलीबॉल चैंपियनशिप बताती है कि काशी केवल मोक्ष की नहीं, मोमेंटम की भी नगरी है। यहाँ मंत्र भी गूंजते हैं और मैनेजमेंट भी आकार लेता है। यहाँ शंखनाद भी होता है और सीटी भी बजती है। 72वीं सीनियर राष्ट्रीय वॉलीबॉल चैंपियनशिप यह संकेत दे रही है कि भारत का विकास अब केवल कागजों और घोषणाओं में नहीं, मैदानों और युवाओं के पसीने में लिखा जा रहा है। यह आयोजन बताता है कि परंपरा और प्रगति में टकराव नहीं, संवाद संभव है। कहा जा सकता है काशी में इन दिनों गेंद सिर्फ हवा में नहीं है, वह संभावनाओं में है। यह आयोजन सिर्फ खेल नहीं, यह राजनीति के बदलते संस्कार, समाज के बदलते सपने और राष्ट्र के बदलते आत्मविश्वास की कहानी है। और शायद इसी को कहते हैं विकास का नया अध्याय।

राजनीति का पुराना व्याकरण कहता था, सड़क, बिजली, पानी और राशन ही विकास है। नया व्याकरण कहता है खेल, कौशल, आत्मविश्वास और अवसर भी विकास हैं। वाराणसी में राष्ट्रीय चैंपियनशिप का आयोजन इस बदले हुए व्याकरण का प्रमाण है। यह संकेत देता है कि सत्ता अब केवल वोट की नहीं, विजन की भाषा बोलने लगी है। वरिष्ठ खेल पत्रकार पद्मपति शर्मा ठीक ही कहते हैं, खेल समाज का आईना है। और राजनीति? राजनीति उस आईने के सामने खड़े होने का साहस है। जब सत्ता खेल में निवेश करती है, तो वह केवल स्टेडियम नहीं बनाती, वह युवाओं को विकल्प देती है। वह ऊर्जा को दिशा देती है। वह आक्रोश को अनुशासन में बदलती है। आज का युवा केवल नौकरी नहीं चाहता, वह पहचान चाहता है। वह मंच चाहता है। खेल उसे दोनों देता है। काशी में होने वाली यह चैंपियनशिप हजारों युवाओं को यह दिखाएगी कि राष्ट्रीय मंच दूर नहीं, वह अपने शहर में भी उतर सकता है। दिलचस्प यह है कि खेल जैसे सकारात्मक विषय पर भी राजनीतिक मौन अक्सर दिखाई देता है। विकास के इन नए प्रतीकों पर सवाल कम होते हैं, श्रेय लेने की होड़ भी कम रहती है। शायद इसलिए कि खेल का विकास विवाद से नहीं, परिणाम से बोलता है। खेल मैदान वह प्रयोगशाला है, जहाँ अनुशासन पैदा होता है, नेतृत्व गढ़ा जाता है, और हार को स्वीकार करने की संस्कृति विकसित होती है। कोई भी राष्ट्र बिना इन गुणों के मजबूत नहीं बन सकता।

### वॉलीबॉलः गांवों से ग्लोबल कोर्ट तक

वॉलीबॉल भारत का वह खेल है जिसकी जड़ें गांवों, स्कूलों और कॉलेजों में गहराई से जुड़ी हैं। यह खेल ताकत के साथ टीमवर्क, अनुशासन और सामूहिक जिम्मेदारी सिखाता है। ऐसे समय में जब व्यक्तिगत स्टारडम खेलों पर हावी होता जा रहा है, वॉलीबॉल सामूहिक चेतना का प्रतीक बनकर उभरता है। वाराणसी में इस खेल का राष्ट्रीय आयोजन यह साबित करता है कि भारत का खेल भविष्य केवल एक-दो खेलों तक सीमित नहीं, बल्कि बहुआयामी है।

### खेल और शासनः एक साझा दृष्टि

किसी भी बड़े खेल आयोजन के पीछे केवल खिलाड़ी नहीं, बल्कि शासन, प्रशासन और समाज की साझा भूमिका होती है। प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र में इस तरह का आयोजन यह संकेत देता है कि खेल अब केवल विभागीय फाइलों तक सीमित विषय नहीं रहा। यह आयोजन बताता है कि जब राजनीतिक इच्छाशक्ति, प्रशासनिक तैयारी और सामाजिक समर्थन एक साथ आते हैं, तब खेल भी विकास का इंजन बन सकता है।

### खेल संस्कृति का विस्तार

खेल संस्कृति केवल स्टेडियम तक सीमित नहीं होती। यह स्कूलों के मैदान, गांवों के खुले मैदान और परिवारों की सोच में बसती है। जब राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं छोटे और मध्यम शहरों में होती हैं, तो खेल को लेकर समाज का नजरिया बदलता है। अब खेल केवल करियर का जोखिम नहीं, बल्कि सम्मानजनक भविष्य का विकल्प बनता है। यही इस चैंपियनशिप की सबसे बड़ी उपलब्धि है। वरिष्ठ पत्रकार पद्मपति शर्मा का मानना है कि ऐसे आयोजनों को केवल परिणामों की खबर बनाकर नहीं छोड़ देना चाहिए। मीडिया की भूमिका यहां और बड़ी हो जाती है, खिलाड़ियों की मेहनत, आयोजकों की तैयारी और समाज पर पड़ने वाले प्रभाव को दर्ज करना भी उतना ही जरूरी है। खेल पत्रकारिता यदि केवल जीत - हार तक सिमट गई, तो वह समाज के साथ अन्याय करेगी।

### पूर्वांचल का आत्मविश्वास

यह आयोजन पूर्वांचल के लिए आत्मसम्मान का विषय है। लंबे समय तक यह क्षेत्र विकास की दौड़ में पीछे गिना गया, लेकिन खेल जैसे आयोजनों से यह धारणा बदल रही है। वाराणसी अब केवल अतीत की गौरवगाथा नहीं, बल्कि भविष्य की संभावनाओं का केंद्र बन रहा है।

### अंतरराष्ट्रीय मानक, स्थानीय स्वाभिमान

टफलेक्स कोर्ट का निर्माण यह दर्शाता है कि अब स्थानीय और वैश्विक के बीच की दूरी कम हो रही है। जब खिलाड़ी उसी सतह पर खेलते हैं, जिस पर अंतरराष्ट्रीय मुकाबले होते हैं, तो उनके आत्मविश्वास में स्वाभाविक वृद्धि होती है। यह केवल तकनीकी सुधार नहीं, बल्कि मानसिक क्रांति है।

### खेल से राष्ट्र निर्माण तक

खेल अनुशासन सिखाता है, हार सहना सिखाता है और जीत को विनम्रता से स्वीकार करना सिखाता है। यही गुण किसी भी सशक्त राष्ट्र की बुनियाद होते हैं। 72वीं सीनियर राष्ट्रीय वॉलीबॉल चैंपियनशिप को इसी व्यापक संदर्भ में देखना चाहिए। यह आयोजन बताता है कि भारत का भविष्य केवल कागजी नीतियों में नहीं, बल्कि मैदानों में भी लिखा जा रहा है।

### वॉलीबॉलः एक लोकतांत्रिक खेल

वॉलीबॉल का चयन भी अपने आप में राजनीतिक अर्थ रखता है। यह खेल न तो अभिजात है, न ही विशुद्ध कॉर्पोरेट। यह गांवों, स्कूलों, कस्बों और अर्धशहरी भारत का खेल है। यह खेल बताता है कि टीम के बिना कोई स्टार नहीं। यह संदेश राजनीति के लिए भी उतना ही प्रासंगिक है।

### उत्तर प्रदेशः छवि से बाहर निकलता राज्य

उत्तर प्रदेश को लंबे समय तक कानून व्यवस्था, जाति राजनीति और अव्यवस्था के चश्मे से देखा गया। खेल आयोजन उस छवि को चुनौती देते हैं। जब राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं यूपी में होती हैं, तो यह संदेश जाता है कि राज्य अब केवल समस्या नहीं, संभावना भी है।

# इंदौर जल प्रदूषण संकट : दर्पण झूठ न बोले



-तनवीर जाफरी

मध्य प्रदेश के महानगर इंदौर के भागीरथपुरा इलाके में दिसंबर 2025 के जाते जाते दूषित पेयजल की वजह से एक बड़ा स्वास्थ्य संकट पैदा हो गया। इस घटना ने उस इंदौर शहर की हक़ीकत को उजागर कर दिया जिसे भारत का सबसे स्वच्छ शहर होने का गौरव भी हासिल है। गौर तलब है कि जुलाई 2025 में घोषित स्वच्छ सर्वेक्षण 2024-25 के परिणामों के अनुसार इंदौर ने लगातार आठवीं बार देश के सबसे स्वच्छ शहर का खिताब जीता है। यह भारत सरकार के आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय द्वारा कराया जाने वाला विश्व का सबसे बड़ा शहरी स्वच्छता सर्वेक्षण बताया जाता है। यह रैंकिंग कचरा प्रबंधन, नागरिक भागीदारी, स्वच्छता और स्वच्छता सम्बन्धी अन्य मानकों पर आधारित है। हालांकि गत वर्षांत में इंदौर में स्वच्छ पानी की पाइप लाइन में सीवरेज के गंदे व प्रदूषित पानी मिले होने की घटना स्वच्छता सर्वेक्षण के दायरे यानी मुख्य रूप से सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट से अलग मुद्दा है, लेकिन निश्चित रूप से इस घटना ने इंदौर के नंबर वन होने के 'खिताब' पर प्रश्न चिन्ह जरूर खड़ा कर दिया है। इस घटना से एक सवाल यह भी खड़ा हो गया है कि जब लगातार आठ बार भारत के सबसे स्वच्छ रहने का खिताब जीतने वाले महानगर इंदौर के लोग सीवरेज युक्त पेयजल पीने को मजबूर हैं तो उन शहरों का क्या जिनकी गिनती ही देश के गंदे शहरों में होती है ?

इस घटना के बाद सत्ता की ओर से कई तरह की 'बाजीगरी' करने की कोशिश की गयी। लोगों की मौतों के आंकड़े को छुपाने व कम बताने की कोशिश की गयी। एक तरफ अस्पताल की रिपोर्ट व प्रभावित परिजनों के दावे 16 लोगों की मौत की पुष्टि कर रहे थे तो राज्य सरकार उच्च न्यायलय में केवल चार लोगों की मौत का दावा करती रही। खबरों के अनुसार इस घटना से 1400 से अधिक लोग उल्टी, दस्त, डिहाइड्रेशन और बुखार जैसी समस्याओं से प्रभावित हुए। इनमें से लगभग 260 लोग अस्पताल में भर्ती हुए। उधर इसी विषय पर मध्य प्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने इंदौर में दूषित पानी से कई लोगों की मौत और बीमारी के मामले पर मीडिया के सवालों से नाराज होकर एक पत्रकार से निहायत बदतमीजी भरा व्यवहार किया। जब उनसे एक टी वी रिपोर्टर ने पूछा कि साफ पानी की व्यवस्था



क्यों अपर्याप्त है। इस पर विजयवर्गीय भड़क गए और कहा, ₹छोड़ो यार, फोकट (फालतू) के सवाल मत पूछो।₹ ₹क्या घंटा होकर आए हो तुम?₹ जैसे आपत्तिजनक शब्द का इस्तेमाल किया। हालांकि बाद में विजयवर्गीय ने माफी मांग कर मामले को रफा दफा करने की कोशिश जरूर की परन्तु तब तक इन घटिया शब्दों द्वारा व्यक्त किये गये उनके भीतर के 'उदगार ' उनकी सरकार की विफलता की खीज के रूप में प्रकट हो चुके थे।

बहरहाल इस घटना ने देश की उस वास्तविकता को एक बार फिर बेनकाब कर दिया है जहाँ विकास के तमाम दावों व आंकड़ों के बावजूद देश के आम लोगों को अभी तक पीने का साफ पानी तक मयस्सर नहीं है। वास्तव में भारत में प्रदूषित जल का सेवन एक लंबे समय से चली आ रही समस्या है, जो औद्योगिकीकरण, शहरीकरण, कृषि क्रांति और जनसंख्या वृद्धि से जुड़ी हुई है। यह समस्या न केवल स्वास्थ्य पर असर डालती है, बल्कि आर्थिक और पर्यावरणीय नुक़्सान भी पहुंचाती है। गंगा और यमुना जैसी देश की अनेक नदियों में अनुपचारित सीवेज और औद्योगिक अपशिष्ट डालना भी जलजनित बीमारियों का मुख्य कारण है। हरित क्रांति के दौर में जब उर्वरकों और कीटनाशकों का उपयोग बढ़ा, उस दौर में भूजल में नाइट्रेट प्रदूषण फैलने की खबरें आईं। उस समय देश के 56% जिलों में इसका प्रभाव पाया गया। इसी तरह डी डी टी जैसे कीटनाशकों के अत्यधिक उत्पादन व प्रयोग से इनके अवशेष जल में बने रहे। साथ ही औद्योगिक विकास के नाम पर नदियों में लीड, कैडमियम, आर्सेनिक जैसी भारी धातुओं का प्रदूषण बढ़ा। इस दौर में भी कॉलरा(हैजा ) और डायरिया जैसी महामारियां बढ़ीं, और मौतों की संख्या में और भी वृद्धि हुई। सूत्रों के अनुसार आज भी भूजल अर्थात 85% ग्रामीण इलाकों में पीने का पानी नाइट्रेट, धातुओं और बैक्टीरिया से प्रदूषित है। इसके अलावा बाढ़ से भी प्रदूषण बढ़ता है।

अब रहा सवाल जल आपूर्ति लाइन में सीवरेज का पानी मिलकर प्रदूषित जल आपूर्ति होने का, तो यह कोई अकेले इंदौर की समस्या मात्र नहीं बल्कि देश के तमाम शहर व इलाके ऐसी समस्याओं का शिकार हैं। उल्टी, दस्त, डिहाइड्रेशन और बुखार जैसी बीमारी की समस्यायें आज घर घर की समस्याएं बन चुकी हैं। इसका मुख्य कारण है भूमिगत जल पाइप लाइन का प्रायः भूमिगत सीवर लाइनों के साथ साथ या उसके समानांतर बिछा होना। यह समस्या उस समय और भी विकराल रूप धारण कर लेती है जबकि सीवर लाइनें ओवर फ़्लो हो कर भूमिगत सीवरेज रिसाव को बढ़ाती हैं और साथ ही यदि भूमिगत जल पाइप लाइन में भी लीकेज हो तो सीवर और पीने के पानी मिक्स हो जाता है। वास्तव में यह समस्या गलत योजना,भ्रष्टाचारपूर्ण निर्माण, समय पर रखरखाव का अभाव,प्रशासनिक लापरवाही व ऐसी समस्याओं की लगातार अनदेखी करने के कारण होती हैं। यही वजह है कि प्राप्त आंकड़ों के अनुसार जल और स्वच्छता से संबंधित बीमारियों से लगभग 400,000 मौतें प्रति वर्ष दर्ज होती हैं जबकि प्रदूषित पानी से लगभग 300,000 बच्चे प्रतिवर्ष मरते हैं तथा डायरिया से करीब 1,600 मौतें प्रतिदिन होती हैं। विश्व बैंक के अनुसार ऐसी 21% संक्रामक बीमारियां असुरक्षित जल से जुड़ी हैं । देश की आर्थिक स्थिति पर भी इसका प्रभाव पड़ता है। पर्यावरणीय क्षति से 3.75 ट्रिलियन रुपये अर्थात 80 बिलियन डॉलर का वार्षिक नुक़्सान होता है क्योंकि इससे स्वास्थ्य लागत लगभग 470-610 बिलियन रुपये यानी 6.7-8.7 बिलियन बढ़ जाती है। साथ ही प्रदूषित क्षेत्रों में कृषि राजस्व में 9% की और उपज में 16% की अनुमानित कमी आती है।

लिहाजा यह कहना गलत नहीं होगा कि इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में सीवर मिश्रित दूषित पानी से हुई 15 (फिलहाल ) मौतों ने यह साबित कर दियाहै कि ₹इंदौर में स्वच्छ पानी नहीं, बल्कि जहर मिश्रित जलापूर्ति की गयी। स्थानीय लोगों द्वारा बार-बार गंदे, बदबूदार पानी की शिकायत की गयी, फिर भी कोई सुनवाई नहीं हुई? सीवर का प्रदूषित मलयुक्त जल पीने के पानी में कैसे मिला? समय पर सप्लाई बंद क्यों नहीं की गई? जाहिर है कि स्वच्छ जल हासिल करना प्रत्येक देशवासियों के जीवन का अधिकार है। परन्तु इंदौर में उपजे जल प्रदूषण संकट से भारतीय जनता पार्टी की कथित डबल इंजन सरकार ने यह साबित कर दिया है कि दर्पण कभी भी झूठ नहीं बोलता।

# वेनेजुएला पर अमेरिकी हमला



संजीव ठाकुर

अमेरिका का वेनेजुएला पर हमला अमेरिकी साम्राज्यवाद का एक नया किंतु और अलोकतांत्रिक कदम है। इस हमले के बाद संयुक्त राष्ट्र संघ के साथ 195 देशों का मौन बहुत ही आश्चर्यजनक एवं चिंतनीय है। अमेरिकी दादागिरी अपने चरम पर पहुंच चुकी है अमेरिका ने वेनेजुएला लोकतांत्रिक तरीके से चुने गए और विगत 12 वर्षों से लगातार शासन कर रहे राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को उनके आधिकारिक निवास से पत्नी सहित अगवा कर अमेरिका ले जाया गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति पर आरोप लगाकर उन पर आक्रमण किया तथा उनका अपहरण कर उन्हें अमेरिका शिफ्ट किया गया तानाशाही का आरोप तो डोनाल्ड ट्रंप लगाया जा रहा है किंतु यह कहावत सत्य है कि ₹समरथ को नहीं दोस गोसाईं₹ यानी समर्थ व्यक्ति का हर कार्य सही मान लिया जाता है। अमेरिका द्वारा वेनेजुएला पर किया गया ताजा सैन्य आक्रमण केवल एक देश पर हमला नहीं बल्कि इक्कीसवीं सदी की ऊर्जा राजनीति, वामपंथ बनाम नव-साम्राज्यवाद, और उभरती बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था के बीच टकराव का प्रतीक बनकर सामने आया है, जब अमेरिकी नेतृत्व ने यह दावा किया कि राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को हिरासत में लेकर देश से बाहर ले जाया गया है, यह कार्रवाई ऐसे समय में हुई जब वेनेजुएला की वामपंथी सरकार ने अपने विशाल पेट्रोलियम, क्रूड ऑयल, सोने और प्राकृतिक गैस भंडारों पर राष्ट्रीय संप्रभुता को और सख़्ती से लागू करते हुए अमेरिकी और पश्चिमी बहुराष्ट्रीय कंपनियों को प्रत्यक्ष उपयोग से बाहर रखने के निर्णय को दोहराया था, माना जा रहा है कि इसी निर्णय ने वॉशिंगटन में तीखी प्रतिक्रिया को जन्म दिया और डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले अमेरिकी सत्ता-तंत्र ने इसे लोकतंत्र की रक्षा के नाम पर सैन्य हस्तक्षेप का औचित्य बना लिया, जबकि आलोचकों का कहना है कि यह हस्तक्षेप वस्तुतः ऊर्जा संसाधनों पर नियंत्रण और लैटिन अमेरिका में अमेरिकी प्रभुत्व की पुनर्स्थापना की कोशिश है, इस हमले के बाद अर्जेंटीना की नई राजनीतिक दिशा ने खुलकर अमेरिका का समर्थन किया है और ब्यूनस आयर्स से जारी बयानों में इसे वेनेजुएला में ‟लोकतांत्रिक संक्रमण‟ की दिशा में आवश्यक कदम बताया गया, साथ ही यह कयास तेज हो गए हैं कि विपक्षी नेता कोरिना माचाडो को अंतरराष्ट्रीय समर्थन के साथ सत्ता में स्थापित करने की कोशिशें तेज होंगी, हालांकि वेनेजुएला के भीतर इसे तख्तापलट की साज़िश बताया जा रहा है, इस पूरे घटनाक्रम से चीन को बड़ा रणनीतिक झटका लगा है क्योंकि वेनेजुएला बीते वर्षों में चीन की बेल्ट एंड रोड पहल, दीर्घकालिक तेल आपूर्ति समझौतों और ऋण-तेल विनिमय व्यवस्था का अहम हिस्सा रहा है, अमेरिकी हस्तक्षेप से न केवल इन परियोजनाओं पर अनिश्चितता छा गई है बल्कि लैटिन अमेरिका में चीन के बढ़ते प्रभाव को रोकने की खुली कोशिश भी दिखाई दे रही है, इसी क्रम में रूस, चीन और उत्तर कोरिया ने संयुक्त और अलग-अलग बयानों में इस कार्रवाई का कड़ा विरोध करते हुए इसे अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का उल्लंघन बताया है, रूस ने विशेष रूप से इसे संप्रभु राष्ट्र के आंतरिक मामलों में बलपूर्वक हस्तक्षेप करार दिया और संकेत दिए कि अमेरिका की इस आक्रामक नीति ने वैश्विक अस्थिरता को और गहरा कर दिया है, उधर पूर्वी यूरोप में रूस-यूक्रेन संघर्ष ने भी नई तीव्रता पकड़ ली है और ताजा रिपोर्टों के अनुसार रूसी सैन्य कार्रवाइयों में वृद्धि को कई विश्लेषक पश्चिमी दबाव और वेनेजुएला प्रकरण के व्यापक भू-राजनीतिक प्रभाव से जोड़कर देख रहे हैं, वहीं चीन के संदर्भ में ताइवान को लेकर बयानबाजी और सैन्य गतिविधियों में बढ़ोतरी ने यह संकेत दिया है कि एशिया-प्रशांत क्षेत्र में भी तनाव का स्तर बढ़ रहा है, हालांकि बीजिंग ने आधिकारिक रूप से किसी तात्कालिक आक्रमण की घोषणा नहीं की है लेकिन यह स्पष्ट किया है कि ताइवान उसका आंतरिक विषय है और बाहरी हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, इस तरह वेनेजुएला पर हमला एक अकेली घटना न रहकर वैश्विक शक्ति संतुलन के पुनर्संयोजन का हिस्सा बनता जा रहा है, जहां अमेरिका अपने पारंपरिक प्रभाव क्षेत्रों में निर्णायक बढ़त बनाए रखना चाहता है जबकि रूस और चीन बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था की वकालत करते हुए अमेरिकी एकाधिकार को चुनौती दे रहे हैं, लैटिन अमेरिका के कई देशों में इस घटनाक्रम को लेकर मतभेद उभर आए हैं, कुछ सरकारें अमेरिका के पक्ष में खड़ी दिखती हैं तो कई राष्ट्र इसे अपने लिए चेतावनी मानते हुए क्षेत्रीय संप्रभुता और गैर-हस्तक्षेप की नीति पर जोर दे रहे हैं, ऊर्जा बाजारों पर भी इसका असर दिखने लगा है जहां कच्चे तेल की कीमतों में अस्थिरता और आपूर्ति श्रृंखला को लेकर चिंता बढ़ी है, वेनेजुएला जो विश्व के सबसे बड़े तेल भंडारों में से एक का स्वामी है, लंबे समय से प्रतिबंधों और आंतरिक संकटों से जूझ रहा था, अब सैन्य हस्तक्षेप ने स्थिति को और जटिल बना दिया है, मानवाधिकार संगठनों ने भी आशंका जताई है कि इस संघर्ष का सबसे बड़ा भार आम नागरिकों पर पड़ेगा, जबकि अमेरिका का दावा है कि उसकी कार्रवाई का उद्देश्य लोकतंत्र और स्थिरता बहाल करना है, आलोचक इसे चयनात्मक नैतिकता बताते हैं क्योंकि समान परिस्थितियों में अन्य देशों के प्रति ऐसा रुख नहीं अपनाया गया, कुल मिलाकर वेनेजुएला संकट आज केवल कराकस या वॉशिंगटन तक सीमित नहीं रहा बल्कि यह मास्को, बीजिंग, ब्यूनस आयर्स, ताइपे और ब्रसेल्स तक फैली रणनीतिक गणनाओं को प्रभावित कर रहा है और यह संकेत दे रहा है कि आने वाले समय में विश्व राजनीति अधिक टकरावपूर्ण, संसाधन-केंद्रित और शक्ति-प्रदर्शन प्रधान होती जाएगी, जहां ऊर्जा, विचारधारा और सैन्य क्षमता तीनों मिलकर नए विश्व क्रम की दिशा तय करेंगे।

## बोईसर कला क्रीड़ा महोत्सव-2026 का आगाज आज, 20 हजार खिलाड़ी प्रदर्शित करेंगे अपनी प्रतिभा




पालघर (उत्तरशक्ति)। आदिवासी बहुल पालघर जिले की ग्रामीण व शहरी प्रतिभाओं को निखारने के उद्देश्य से पिछले दो दशकों से समर्पित महाराष्ट्र स्पोर्ट्स एजुकेशन अकादमी, तारापुर (एम.एस.ई.ए.टी.) द्वारा आयोजित चार दिवसीय बोईसर कला क्रीड़ा महोत्सव2026 का भव्य आगाज सोमवार 05 जनवरी से होने जा रहा है। इस खेल महाकुंभ को लेकर बोईसर शहर (प.) स्थित डॉन बॉस्को स्कूल के खोदाराम बाग मैदान में तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। महोत्सव का औपचारिक उद्घाटन सोमवार 05 जनवरी को दोपहर 2.00 बजे होगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी डॉ. इंदूरानी जाखड़ एवं पुलिस अधीक्षक यतीश देशमुख संयुक्त रूप से खेल मैदान में मशाल प्रज्वलित कर महोत्सव की शुरूआत करेंगे। आयोजकों के अनुसार चार दिनों तक चलने वाले इस खेलोत्सव में 200 से अधिक प्रमुख प्रतियोगिताएं आयोजित की जायेंगी, जिनमें जिले के विभिन्न स्कूलों के 20 हजार से अधिक छात्र-छात्राएं अपनी खेल और कला प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। महोत्सव का समापन 09 जनवरी की शाम एक भव्य रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं विजेताओं के पुरस्कार वितरण के साथ किया जायेगा। महाराष्ट्र स्पोर्ट्स एजुकेशन अकादमी, तारापुर के अध्यक्ष संजय जे. पाटील ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2006 में शुरु हुआ यह महोत्सव अब अपने 20वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है। उन्होंने कहा कि अकादमी का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों में छिपी खेल एवं कला प्रतिभा को एक सशक्त मंच प्रदान करना है। शिक्षकों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं प्रायोजकों के सामूहिक सहयोग से ही आज यह महोत्सव पूरे पालघर जिले में अपनी विशिष्ट पहचान बना चुका है। पाटील ने जिले के सभी स्कूलों एवं विद्यार्थियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पंजीकरण कराकर इस महोत्सव में भाग लें और अपनी प्रतिभा को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएं।

## भिवंडी में महायुति का महापौर बनाने के लिए कार्यकर्ता पूरी ताकत झोंकें-विधायक महेश चौघुले



भिवंडी (उत्तरशक्ति)। केंद्र और राज्य सरकार के सहयोग से भिवंडी शहर का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित करने के लिए भिवंडी महानगरपालिका में महायुति का महापौर बैठाना अत्यंत आवश्यक है। इसके लिए कार्यकताओं को सिर्फ बातें नहीं बल्कि पूरी ताकत और समर्पण के साथ मैदान में उतरना होगा। आगामी 15 जनवरी तक सभी कार्यकर्ता पूरी तरह सतर्क और सक्रिय रहें ऐसी अपील विधायक महेश चौघुले ने की। वे कामतघर ओसवालवाड़ी स्थित प्रभाग क्रमांक 21 में महायुति के शिवसेना उम्मीदवार मनोज काटेकर, वंदना काटेकर, संदीप भोईर और वनिता भगत के जनसंपर्क कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर बोल रहे थे। विधायक चौघुले ने कहा कि भिवंडी शहर में अब तक जितना भी बड़ा विकास कार्य हुआ है, उसमें सबसे अधिक निधि कामतघर-अंजूरफाटा परिसर को प्राप्त हुई है। इसका श्रेय मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस और उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को जाता है। साथ ही इस निधि को जमीन पर लाने के लिए लगातार किए गए प्रयासों में मनोज काटेकर की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने आगे कहा कि यदि भिवंडी में महायुति का महापौर बनता है तो शहर के विकास को और अधिक गति मिलेगी, अधूरे प्रकल्प पूरे होंगे और नागरिकों को बेहतर बुनियादी सुविधाएँ उपलब्ध होंगी। इस अवसर पर शिवसेना नेता प्रकाश पाटील, उपनेता रूपेश म्हात्रे, सुंदर नाईक, सुनील भगत समेत हालारी समाज के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित थे। सभी मान्यवरों ने मनोज काटेकर के सामाजिक और विकासात्मक कार्यों की सराहना करते हुए महायुति के उम्मीदवारों को भारी मतों से विजयी बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित नागरिकों ने भी एकजुट होकर भिवंडी के विकास के लिए महायुति को समर्थन देने का संकल्प व्यक्त किया।

## शिक्षण निरीक्षक बृहन्मुंबई उत्तर विभाग और मुंबई माध्यमिक व उच्च माध्यमिक विद्यालयों के सहयोग से जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का अयोजन आज

मुंबई। बृहन्मुंबई उत्तर विभाग की जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन आज सोमवार 5 जनवरी 2026 से 7 जनवरी 2026 तक बन्ट्स संघ आरती शशिकरण शेट्टी कॉलेज, कुर्ला (पूर्व), में आयोजित किया गया है। समाज में विज्ञान और प्रौद्योगिकी के प्रति वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देने की दिशा में यह एक सराहनीय पहल है। विज्ञान प्रदर्शनी का उद्देश्य विद्यालयों में बाल वैज्ञानिकों को प्रेरित करना है। इस वर्ष की विज्ञान प्रदर्शनी का मुख्य विषय विकसित और आत्मनिर्भर भारत के लिए रळएटर है। इस जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन समारोह आज सोमवार, 5 जनवरी 2026 को सुबह 10:00 बजे कार्यक्रम अध्यक्ष राजेश कंकाल उपशिक्षण संचालक मुंबई, उद्घाटन उत्तर मुंबई के शिक्षण निरीक्षक डॉ. मुश्ताक शैख की उपस्थिति में सम्पन्न होगा।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाभा परमाणु अनुसंधान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. देवदत्त शिंदे तथा विशेष अतिथि आदर्श शेट्टी अध्यक्ष बंट्स संघ एचईसी होंगे। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के अनेक अधिकारी और अनेक स्कूल भी शामिल होंगे।

# रामराज ग्रुप व हिंदू जनजागृति संस्था द्वारा गौ रक्षकों को किया गया सम्मानित

### वानगांव से पालघर जिले का सबसे बड़ा गौ सेवा अभियान शुरू करने की घोषणा

पालघर(उत्तरशक्ति)। पालघर जिले में गौ सेवा और संरक्षण को नई मजबूती देने वाला एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम वानगांव में आयोजित किया गया। रामराज ग्रुप व हिंदू जनजागृति संस्था के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित गौ रक्षक सम्मान समारोह में जिले भर में गौ रक्षा के लिए निरंतर कार्य कर रहे सेवाभावी कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में कांग्रेस प्रदेश सचिव कैप्टन सत्यम ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कैप्टन सत्यम ठाकुर ने गौ सेवकों को सम्मानित करते हुए कहा कि गौ रक्षा केवल धार्मिक कर्तव्य नहीं, बल्कि सामाजिक और मानवीय जिम्मेदारी भी है। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में घायल एवं बीमार गायों को समय पर उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हिंदू जनजागृति संस्था को प्रदान की गई गौ एंबुलेंस गौ सेवा के क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगी। इससे जमीनी स्तर पर कार्यरत गौ रक्षकों को त्वरित सहायता मिलेगी और कई बेजुबानों की जान बचाई जा सकेगी।

इस मौके पर गौ सेवकों ने गौ एंबुलेंस उपलब्ध कराने के लिए कैप्टन सत्यम ठाकुर का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें ह्गौसेवा विशेष सम्मानह से सम्मानित किया। कैप्टन ठाकुर ने आश्वस्त किया कि भविष्य में भी गौ रक्षकों को हरसंभव सहयोग और समर्थन दिया जाता रहेगा। कार्यक्रम में समाजसेविका आकांक्षा ठाकुर ने गौ सेवा को लेकर बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि पालघर जिले में गौ सेवा को संगठित, सुव्यवस्थित और प्रभावी बनाने के उद्देश्य से जिले की सबसे बड़ी गौशाला की स्थापना शीघ्र ही






वानगांव क्षेत्र में की जायेगी। यह गौशाला निराश्रित, घायल और बीमार गायों के लिए सुरक्षित आश्रय स्थल बनेगी, साथ ही गौ संरक्षण, संवर्धन और जनजागरूकता का प्रमुख केंद्र भी होगी।

हिंदू जनजागृति संस्था की राष्ट्रीय संगठन मंत्री तुलसी छीपा ने कहा कि गौ सेवा समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। जब प्रशासन, समाज, संगठन और जनप्रतिनिधि एकजुट होकर कार्य करते हैं, तभी गौ रक्षा जैसे संवेदनशील कार्य को स्थायी सफलता मिलती है। उन्होंने कहा कि संसाधनों और सुविधाओं के विस्तार से गौ सेवा का दायरा और अधिक व्यापक होगा।

वहीं संस्था के राष्ट्रीय महासचिव अमित कुमार सिंह ने कहा कि आने वाले समय में हर क्षेत्र में गौ रक्षक टीमें गठित की जायेंगी, जिससे सेवा कार्य और अधिक सुचारु एवं प्रभावी हो सकेगा। इस सम्मान समारोह में संस्था के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण व्यास, कोषाध्यक्ष हिम्मत जैन, जिलाध्यक्ष अशोक राजपूत, महिला जिलाध्यक्ष फाल्गुनी पिम्पले, पदाधिकारी उमाशंकर वशिष्ठ, विकास गुप्ता, संजय यादव, सुनीता यादव सहित बड़ी संख्या में गौ सेवक, सामाजिक कार्यकर्ता व नागरिक उपस्थित रहे।

## पर्नोड रिकार्ड इंडिया ने FY25 में 27,445.80 करोड़ रुपये की समेकित बिक्री की

मुंबई। FY25 में 27,445.80 करोड़ रुपये की समेकित बिक्री के साथ पर्नोड रिकार्ड इंडिया ने मूल्य के लिहाज से देश की सबसे बड़ी अल्कोहलिक बेवरेज निमार्ता कंपनी के रूप में अपनी स्थिति बरकरार रखी है। इस मामले में उसने डियाजियो इंडिया (यूनाइटेड स्पिरिट्स लिमिटेड) को पीछे छोड़ा है। बिजनेस इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म टोफलर से प्राप्त वित्तीय आंकड़ों के अनुसार, FY25 में पर्नोड रिकार्ड इंडिया की कुल आय 27,663.56 करोड़ रुपये रही, जो साल-दर-साल आधार पर 2.7 प्रतिशत की वृद्धि दशार्ती है। ब्रिटिश मल्टीनेशनल अल्कोहलिक बेवरेज कंपनी डियाजियो और फ्रांसीसी वाइन एवं स्पिरिट्स कंपनी पर्नोड रिकार्ड की भारतीय अनुषंगियों की कुल आय मिलकर 55,275.6 करोड़ रुपये तक पहुंच गई है। इसके बाद बीयर निमार्ता यूनाइटेड ब्रुअरीज लिमिटेड का स्थान आता है, जो अब डच मल्टीनेशनल ब्रूइंग कंपनी हाइनकेन के स्वामित्व में है। वित्त वर्ष 2024-25 में यूबीएल की समेकित आय 19,444.44 करोड़ रुपये रही।

पर्नोड रिकार्ड इंडिया, जिसके लोकप्रिय ब्रांड्स में एब्सोल्यूट, शिवास रीगल और ग्लेनलिवेट शामिल हैं, पर्नोड रिकार्ड साउथ एशिया की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी है। इसके अलावा, पर्नोड रिकार्ड इंडिया सीग्राम पोर्टफोलियो भी है, जिसमें ब्लेंडर्स प्राइड, 100 पाइपर्स, लॉन्गिट्यूड 77 और नया ब्रांड एक्सक्लमेशन शामिल हैं।

कंपनी ने पिछले वर्ष अपने इम्पीरियल ब्लू पोर्टफोलियो को घरेलू कंपनी तिलकनगर इंडस्ट्रीज को सौंप दिया था। FY25 में पर्नोड रिकार्ड इंडिया का मुनाफा 1,734.59 करोड़ रुपये रहा।

# बोईसर-पालघर पत्रकार संघ की तरफ से मिलेगा विशेष जीवन रक्षक पुरस्कार

### ◆बोईसर में पत्रकार दिन पर पालघर अग्निशमन दल के पाँच जवान होंगे सम्मानित

पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)। महाराष्ट्र के आद्य पत्रकार दर्पणकार आचार्य बालशास्त्री जाम्भेकर की जयन्ती पत्रकार दिवस के अवसर पर बोईसरझपालघर पत्रकार संघ (पंजीकृत) की ओर से मंगलवार 6 जनवरी 2026 को सुबह 11 बजे टीमा हॉल, एम.आई.डी.सी. बोईसर- तारापुर में पत्रकार दिवस समारोह में पालघर नगर परिषद, अग्निशमन दल के पाँच बहादुर जवानों को विशेष जीवन रक्षक पुरस्कार-2025 देकर मान्यवरों के शुभ हाथो से सम्मानित किया जायेगा।




इन जवनो में सुचित मोहन दवणे (लीडिंग फायरमैन), योगेश गोविंद दिवा (फायरमैन), मुकेश नागेश पाटील (फायरमैन), मोहनिश हरेश्वर पागरे (फायरमैन) तथा नितीन गंगाराम खेडाडे (यंत्रचालक) शामिल हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार इन जवानों ने 3 दिसंबर 2025 को पालघर जिले के जूना सातपाटी मार्ग स्थित काशीगांव (धनसार) की ग्रीन पार्क इमारत में लगी भीषण आग के दौरान असाधारण साहस, तत्परता व कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया था। अचानक लगी आग से इमारत में भयावह स्थिति उत्पन्न हो गई थी। घटना की सूचना मिलते ही पालघर नगर परिषद का अग्निशमन दल बिना किसी देरी के मौके पर पहुँचा और अत्यंत जोखिमपूर्ण परिस्थितियों में आग पर नियंत्रण पाया। इस दौरान इमारत की तीसरी मंजिल पर फँसे वृद्धों, महिलाओं और दो छोटे बच्चों सहित कुल पाँच नागरिकों को सुरक्षित बाहर निकालकर उनका जीवन बचाया गया।बोईसर-पालघर पत्रकार संघ के अनुसार पालघर नगर परिषद के अग्निशमन जवानों का यह कार्य मानवीय संवेदनशीलता, साहस और सामाजिक कर्तव्य का उत्कृष्ट उदाहरण है।

इसी उल्लेखनीय सेवा के सम्मान में महाराष्ट्र के आद्य पत्रकार दर्पणकार आचार्य बालशास्त्री जांभेकर की जयंती, अर्थात पत्रकार दिवस के अवसर पर इन जवानों को मान्यवरो के हाथो से विशेष जीवन रक्षक पुरस्कार झ 2025 देकर सम्मानित किया जायेगा। यह जानकारी बोईसर पालघर पत्रकार संघ के अध्यक्ष रामप्रकाश निराला ने मीडिया कर्मियों के साथ साझा की।

## अवधी कवि और गीतकार शिवपूजन शुक्ल का समरस फाउंडेशन ने किया सम्मान

मुंबई (उत्तरशक्ति)। देश के प्रसिद्ध अवधी कवि गीतकार भजन व लोक गायक शिवपूजन शुक्ल का आज महानगर की प्रतिष्ठित सामाजिक संस्था समरस फाउंडेशन द्वारा बोरीवली पूर्व स्थित कार्यालय में भव्य सम्मान किया गया। संस्था के चेयरमैन डॉ किशोर सिंह ने अभिनंदन पत्र ,शॉल और पुष्पगुच्छ से उनका सम्मान किया। इस अवसर पर दैनिक जागरण के मुंबई ब्यूरो चीफ ओमप्रकाश तिवारी, प्रख्यात लोक गायक सुरेश शुक्ला विशेष रूप से उपस्थित रहे। शिवपूजन शुक्ल अब तक 6 लोकप्रिय पुस्तकें लिख चुके हैं। भगवान राम और भगवान कृष्ण पर आधारित कुछ गीत उन्होंने प्रस्तुत किया, जिसे सुनकर



लोग भावविभोर हो गए। सुरेश शुक्ल ने डॉ किशोर सिंह को धन्यवाद देते हुए कहा कि हमेशा सबका सम्मान करनेवाला व्यक्ति हमेशा सम्मानित होता है। कार्यक्रम का संचालन संस्था के महासचिव तथा वरिष्ठ पत्रकार शिवपूजन पांडे ने किया। कार्यक्रम में उपस्थित प्रमुख लोगों में वासुदेव फाउंडेशन के अध्यक्ष अरविंद यादव, उपाध्यक्ष गुलाब यादव, समरस फाउंडेशन के उपाध्यक्ष मानिकचंद यादव, उपाध्यक्ष मुकुंद शर्मा, उपाध्यक्ष राजेंद्र विश्वकर्मा, विधि सलाहकार एडवोकेट भारत पांडे, आचार्य जीडी शुक्ला,संकटा प्रसाद दुबे, पी रामलिंगम, अनिल कनौजिया, निमेष शाह, दयाराम यादव हरेश जोशी, कृपा यादव, रामप्रसाद कुर्मी, भोलानाथ वर्मा, राजेश सिंह, शमशाद खान, उदय कुमार गुप्ता, श्याम यादव, ललित पांडे, ज्ञान सागर महाराज, अर्चना मिश्रा,रमाकांत यादव, श्रीकृष्ण यादव आदि का समावेश रहा।

## एमएम यादव की पदयात्रा में समर्थकों की भारी भीड़

मुंबई (उत्तरशक्ति)। मुंबई महानगरपालिका के वार्ड क्रमांक 63 से अजितदादा पवार गट राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे एमएम यादव ने आज जनसंपर्क और लोगों का आशीर्वाद लेने के लिए पदयात्रा निकाली। पदयात्रा विकास नगर से चलकर आपके कंधे से कंधे मिलाकर चलने वाले बहराम बाग भाजी मार्केट महात्मा गांधी स्कूल वीरा देसाई रोड दादा सालवी मार्ग बिरादेसाई लिंक रोड टेप दरगाह पदयात्रा में जिस तरह से लोगों की भारी भीड़ दिखाई दी तथा लोगों ने खुलकर उनका साथ और समर्थन देने की बात कही, उससे साफ नजर आ रहा है कि जनता के बीच उनकी कितनी अच्छी छवि है। 1985 में कांग्रेस से जुड़कर राजनीति की शुरूआत करने वाले एमएम यादव इस



वार्ड में किसी परिचय के मोहताज नहीं है। कांग्रेस में 40 वर्षों तक वार्ड अध्यक्ष से लेकर तालुकाध्यक्ष और जिला उपाध्यक्ष की बागडोर संभालने वाले श्री यादव साफ सुथरा जनसमर्पित छवि के उत्तर भारतीय नेता माने जाते हैं। कांग्रेस द्वारा नये चेहरे को टिकट दिए जाने से नाराज यादव को अजीत पवार ने अपने बंगले पर बुलाकर अपनी पार्टी का टिकट दिया है। आज पदयात्रा के दौरान जिस तरह से चारों तरफ चुनाव चिन्ह घड़ी का जोर दिखाई दिया, उसे देखते हुए कांग्रेस के पास पछताने के अलावा कोई विकल्प दिखाई नहीं दे रहा है। एमएम यादव की उत्तर भारतीय समाज के अलावा अल्पसंख्यक और अन्य समाज के वर्गों में अच्छी लोकप्रियता है, जिसका उन्हें पूरा लाभ मिलता दिखाई दे रहा है।

## भामाशाह पारस चपलोत को मिला अटल सम्मान

मुंबई (उत्तरशक्ति)। भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में ऐतिहासिक भारत मंडपम प्रगति मैदान नई दिल्ली में द्वादशभरा त्रिवर्षीय अटल सम्मान समारोह व प्रसिद्ध संगीतमय अटल गाथा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन अटल सम्मान समारोह ट्रस्ट द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रसिद्ध कथा वाचक अजय भाई ने संगीतमय अटल गाथा का आयोजन कर लोगों का दिल जीत लिया। उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन को उनकी कविताओं और स्मृतियों का संगीतमय पाठ कर लोगों का खूब मन मोह। अटलजी के विशिष्ट सहयोगी पूर्व सांसद और पूर्व कैबिनेट मंत्री सत्यनारायण जटिया की प्रमुख उपस्थिति में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और विधानसभा अध्यक्ष विजेंद्र गुप्ता ने जीवदया प्रेमी, समाजसेवी तथा देश-विदेश में कारोबार का डंका बजाने वाले पारस चपलोत को अटल सम्मान से विभूषित किया। अटल



सम्मान समारोह की अध्यक्षता ट्रस्ट के संरक्षक सांसद मनोज तिवारी ने की। मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सभी चयनित लोगों को अटल सम्मान प्रदान किए। विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्याम जाजू, प्रदेश महामंत्री विष्णु मित्तल, दिल्ली विधानसभा मुख्य सचेतक प्रतिपक्ष अजय महावर, प्रसिद्ध समाजसेवी सत्यभूषण जैन, राष्ट्रीय कवि संगम के अध्यक्ष जगदीश निताल, अटल सम्मान समारोह के संरक्षक रोशन कंसल, वाइस चेयरमैन नवीन तायल ने आने वाले सभी अतिथियों का स्वागत सत्कार किया तथा सभी अवॉर्डियों के जीवन कार्यों पर प्रकाश डाला। कुल 17 देश-विदेश की हस्तियों को अटल सम्मान से अलंकृत किया गया। बता दें कि ग्रामीण क्षेत्र के पारस चपलोत मूल निवासी ग्राम पंचायत बाड़ी तहसील निम्बाहेडा जिला चितौड़गढ़ के होकर हॉल मुकाम भंयदर में परिवार सहित रह कर धार्मिक कार्यक्रमों के साथ साथ समाजसेवा में जुटे हुए हैं।

## मराठी पत्रकार दिवस के उपलक्ष्य पर भिवंडी में पत्रकारों का सम्मान व उपहार देकर किया गया स्वागत

आचार्य सूरजपाल यादव

भिवंडी (उत्तरशक्ति)। पत्रकार दिवस के अवसर पर ठाणे जिले के अग्रणी मराठी दैनिक स्वराज्य तोरण एवं स्वराज्य तोरण चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में भिवंडी शहर व ग्रामीण क्षेत्र के पत्रकारों के लिए विशेष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कैलासनगर, वळपाडा स्थित स्वराज्य तोरण कार्यालय में उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत पत्रकारिता के जनक बालशास्त्री जांभेकर की प्रतिमा के पूजन से हुई। यह पूजन कृषि उपज बाजार समिति, भिवंडी के पूर्व सचिव तथा चंद्रानंद कृषि विपणन व समाजकल्याण संस्था, ठाणे जिला के संस्थापक अध्यक्ष डा. यशवंत अनंत म्हात्रे एवं स्वराज्य तोरण के संपादक डा. किशोर बळीराम पाटील के शुभहस्ते संपन्न हुआ। कार्यक्रम का प्रास्ताविक मुख्य आयोजक एवं संपादक डा. किशोर पाटील ने किया। उन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि विभिन्न भाषाओं के पत्रकारों का मतभेद भुलाकर एक मंच पर एकत्र आना ही पत्रकारिता की असली ताकत है और ऐसे स्नेह मिलन समारोह का आयोजन करते हुए उन्हें विशेष आनंद हो रहा है। इस अवसर पर चंद्रानंद कृषि विपणन व समाज कल्याण संस्था की ओर से संपादक डा. किशोर पाटील को उनके



सामाजिक एवं पत्रकारिता क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय योगदान के लिए ह्यबालशास्त्री जांभेकर प्रेरणा पत्रकारिता पुरस्कार 2026ह्ल से सम्मानित किया गया। डा. यशवंत अनंत म्हात्रे ने अपने संबोधन में बताया कि ठाणे, रायगढ़, पालघर जिलों के साथ-साथ धुले और नंदुरबार जैसे आदिवासी एवं दुर्गम क्षेत्रों में जाकर आदिवासी गन्ना कटाई मजदूरों के लिए किए गए कार्यों की दखल लेते हुए यह पुरस्कार प्रदान किया गया है। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार श्रीमती संध्याताई पवार, शरद भसाले, खान फकरे आलम, संजय भोईर, आचार्य सुरजपाल यादव, एम अबूबकर, फारूक मेमन, एडवोकेट संतोष चव्हाण, मौलाना असद कासमी तथा डा. मनिलाल रतिलाल शिंपी (समन्वय अधिकारी-विभागीय समादेशक, आरएसपी) ने अपने विचार व्यक्त करते हुए आयोजकों के कार्य की सराहना की।समारोह में समाजसेवक डा. दिनेशभाई ठक्कर (संचालक, स्वामीनारायण हाल), डा. निखिल चंदेरिया (संचालक, रोटी डे ग्रुप), धनराजसिंह राठोड (समाजसेवक, मुंबई) सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। उनके शुभहस्ते उपस्थित पत्रकारों को कंबल एवं उपहार सामग्री वितरित की गई। पत्रकारों के कार्य का सम्मान करना और उन्हें प्रोत्साहित करना इस उपक्रम का मुख्य उद्देश्य है। इस अवसर पर यह भी उल्लेख किया गया कि संपादक डा. किशोर बळीराम पाटील वर्षभर पत्रकारों के हित में विभिन्न उपक्रम आयोजित करते रहते हैं।

ग्रीष्म, वर्षा और शीत-तीनों ऋतुओं में पत्रकारों के लिए उपयोगी सामग्री प्रदान कर वे निरंतर उनका सम्मान करते आ रहे हैं। इस कार्यक्रम में भिवंडी शहर व ग्रामीण क्षेत्र के बड़ी संख्या में पत्रकार उपस्थित थे। कार्यक्रम का सूत्र संचालन राजेंद्र पाटील व आचार्य सूरजपाल यादव ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन अफसर खान ने किया।

उत्तरशक्ति

* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।

पत्राचार कार्यालय :
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com




स्वामीः शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति, समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
पत्राचार कार्यालयः मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, मो.- 9554493941 email ID- uttarshaktinews@gmail.com

# स्नेहा दुबे पंडित व पूनम महाजन की उपस्थिति में महायुति संगठन की बैठक संपन्न



वसई । वसई-विरार सिटी म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के वार्ड क्रमांक 27 में भाजपा-शिवसेना-श्रमजीवी संगठन-आगरी सेना की महायुति के उम्मीदवारों के प्रचार हेतु आज रॉयल इन, चिंचोटी नाका, वसई पूर्व में एक भव्य संगठनात्मक बैठक एवं रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिक, पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। रैली के दौरान महायुति के उम्मीदवारों में श्रीमती दमयंती भीमराव भोईर, राजेंद्र यादव म्हात्रे, श्रीमती हर्षला प्रवीण गावड़े, धरेंद्र विलास कुलकर्णी द्वारा किए गए विकास कार्यों की समीक्षा प्रस्तुत की गई और उनके विकासोन्मुखी दृष्टिकोण को जनता के सामने रखा गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित वसई-विरार सिटी म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन की चीफ इलेक्शन ऑफिसर श्रीमती पूनम ताई महाजन ने उपस्थित जनसमूह को मार्गदर्शन दिया तथा महायुति की एकता और संगठनात्मक मजबूती पर जोर दिया। इस अवसर पर स्नेहा दुबे पंडित ने भी रैली को संबोधित करते हुए कार्यकताओं का उत्साहवर्धन किया। बैठक में वरिष्ठ नेताओं में केदारनाथ म्हात्रे, जिला सचिव प्रवीण गावड़े, हरिहर पाटिल, धर्मेंद्र मिश्रा, सी. बी. मिश्रा, प्रमोद तिवारी, विकास बरनवाल, नायब पांडे, रंजीत किनी एवं शिवसेना के जिग्नेश म्हात्रे सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में वक्ताओं ने वार्ड के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए महायुति के सभी उम्मीदवारों को समर्थन देने की अपील की।

# ऑनलाइन व्यापार की मार से त्रस्त छोटे दुकानदार, काशी के व्यापारियों ने सरकार से उठाई राहत की मांग

वाराणसी। काशी बिस्किट्स एंड कन्फेक्शनरी व्यापार मंडल की ओर से हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नववर्ष की सालाना बैठक रविवार 4 जनवरी 2026 को नमो घाट स्थित गोवर्धन धाम में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजित सिंह बग्गा ने की, जबकि संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष एवं काशी बिस्किट्स एंड कन्फेक्शनरी व्यापार मंडल के महामंत्री रमेश निरंकारी ने किया। बैठक की शुरूआत नववर्ष की शुभकामनाओं के साथ हुई, जहां संगठन की मजबूती और एकजुटता पर विशेष जोर दिया गया। वक्ताओं ने कहा कि बदलते आर्थिक परिदृश्य में संगठन ही व्यापारियों की सबसे बड़ी ताकत है।

बैठक में व्यापारियों ने एक स्वर में सरकार से मांग की कि ऑनलाइन कारोबार के अनियंत्रित विस्तार के कारण छोटे उद्योग और पारंपरिक व्यापार तेजी से बंद हो रहे हैं। छोटे दुकानदार कर्ज के बोझ तले दबते जा रहे हैं और महंगाई के इस दौर में




परिवार चलाना भी कठिन हो गया है। व्यापारियों ने मांग की कि ऑनलाइन कारोबार करने वाली बड़ी कंपनियों को स्टॉक लिमिट के दायरे में बांधा जाए, जैसा प्रावधान पूर्ववर्ती सरकारों के समय रहा है। व्यापारियों ने यह भी कहा कि जीएसटी लागू होने के बाद व्यापारी वर्ग अधिक पारदर्शिता के साथ पक्के बिलों में व्यापार कर रहा है, जिससे सरकार को कर के रूप में लाभ मिल रहा है, लेकिन दूसरी ओर चेक बाउंस की बढ़ती घटनाओं से व्यापारी वर्ग की कमर टूट रही है। चेक बाउंस के मामले वर्षों तक न्यायालयों में लंबित रहते हैं, जिससे व्यापारियों की पूंजी फंस जाती है। इस समस्या के समाधान के लिए चेक बाउंस मामलों की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराए जाने की मांग की गई। बैठक में शहर के विकास के नाम पर छोटे दुकानदारों को उजाड़े जाने पर भी गहरी चिंता जताई गई। व्यापारियों ने कहा कि विकास आवश्यक है, लेकिन विकास से पहले विस्थापित होने वाले छोटे व्यापारियों के पुनर्वास की ठोस व्यवस्था की जाए। जिस प्रकार मकान मालिकों को मुआवजा दिया जाता है, उसी तरह 30-40 वर्षों से किराए पर दुकान चलाने वाले किरायेदारों को भी मुआवजा और पुनर्स्थापन का प्रावधान किया जाए, ताकि उनकी रोजी-रोटी सुरक्षित रह सके। बैठक में यह भी निश्चय लिया गया कि किसी भी प्रकार के उत्पीड़न और भ्रष्टाचार के सामने व्यापारी वर्ग झुकेगा नहीं। सभी व्यापारी संगठित रहकर अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ेंगे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से रमेश निरंकारी, सुशील लखमानी, कविंद्र जायसवाल, सुरेंद्र कुमार जायसवाल, दिलीप चौहान, संजय गुप्ता, मनीष गुप्ता, हाजी शाहिद कुरैशी, सत्यप्रकाश जायसवाल, राजीव वर्मा, मनोज विश्वकर्मा, अमित गुप्ता, अशोक गुप्ता, रोशन जायसवाल, अनिल आहूजा, धर्मेंद्र सिंह, हरीलाल गुप्ता, आशीष गुप्ता, आनंद पटेल सहित बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे। बैठक के अंत में व्यापारियों ने सरकार से अपील की कि विकास और व्यापार दोनों में संतुलन बनाते हुए छोटे व्यापारियों के हितों की रक्षा की जाए, ताकि काशी की पारंपरिक व्यापारिक पहचान सुरक्षित रह सके।

# 10 हजार से अधिक श्रद्धालु की उपस्थिति में श्रीराम कथा एवं कलश यात्रा का आयोजन

मुंबई। गोरेगांव में शनिवार को आस्था और भक्ति का भव्य दृश्य देखने को मिला। सनराज ग्रुप द्वारा आयोजित तथा श्री राम कथा समिति, मुंबई के



तत्वावधान में संपन्न श्री राम कथा एवं कलश यात्रा में 10 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने भाग लिया। पूरे आयोजन के दौरान वातावरण जय श्री राम के जयघोष से गूंजता रहा और पूरा क्षेत्र राममय हो गया। यह आयोजन प्रेममूर्ति पूज्य संत श्री प्रेमभूषण जी महाराज के आशीर्वाद से तथा पूज्य श्री राजन जी महाराज की अमृतमयी वाणी द्वारा किया जा रहा है। श्रद्धा और भक्ति से ओतप्रोत भव्य कलश यात्रा शनिवार, 3 जनवरी 2026 को सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।इसके उपरांत श्री राम कथा का आयोजन शनिवार, 3 जनवरी से 11 जनवरी 2026 तक प्रतिदिन दोपहर 4 बजे से शाम 7 बजे तक किया जा रहा है। यह नौ दिवसीय आयोजन लक्ष्मी सरस्वती ग्राउंड, महाराजा अग्रसेन मार्ग, बांगुर नगर, गोरेगांव पश्चिम, मुंबई में हो रहा है। कथा के क्रम में 3 जनवरी को श्री रामकथा महिमा, 4 जनवरी को श्री शिवझपार्वती विवाह, 5 जनवरी को श्री राम जन्मोत्सव, 6 जनवरी को बाल लीला, 7 जनवरी को धनुषभंग एवं श्री सीताझराम विवाह महोत्सव, 8 जनवरी को केवट प्रेम, 9 जनवरी को श्री राम मंगल यात्रा एवं भरत चरित्र पूर्वार्ध, 10 जनवरी को भरत चरित्र उत्तरार्ध एवं शबरी प्रेम तथा 11 जनवरी को सुंदरकाण्ड एवं श्री राम राज्याभिषेक का भावपूर्ण वर्णन किया जाएगा। आयोजकों चंद्रकांत गुप्ता, संदीप गुप्ता और राजदीप गुप्ता ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य समाज में राम के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाना है। आयोजकों के अनुसार, श्रद्धालुओं की भारी सहभागिता यह दर्शाती है कि राम भक्ति आज भी समाज को जोड़ने की सशक्त शक्ति है।

# बलरामपुर में भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कदम, पुलिस ने जारी की एंटी करप्शन हेल्पलाइन

-नान बाबू चौहान

बलरामपुर (उत्तरशक्ति)। उत्तर प्रदेश पुलिस के देवीपाटन परिक्षेत्र (गोंडा) अंतर्गत जनपद बलरामपुर में भ्रष्टाचार के विरुद्ध सख्त कदम उठाया गया है। थाना प्रभारी गौरा चौराहा हरीश सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस महानिरीक्षक के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा भ्रष्टाचार निरोधी हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है।यदि किसी भी थाना या पुलिस कार्यालय में किसी अधिकारी या कर्मचारी द्वारा रिश्वत, घूस या सुविधा शुल्क की मांग की जाती है, तो आम नागरिक तुरंत भ्रष्टाचार निरोधी हेल्पलाइन नंबर 8467919487 पर कॉल कर




शिकायत दर्ज करा सकते हैं। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि शिकायतकर्ता की पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी तथा दोषी पाए जाने वाले अधिकारियों या कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस विभाग ने जनता से अपील की है कि वे निर्भीक होकर भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाएं और प्रशासन का सहयोग करें। भ्रष्टाचार पर जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत यह कदम उठाया गया है, ताकि पुलिस व्यवस्था को पारदर्शी और जवाबदेह बनाया जा सके।

# रानीवाड़ा में क्रिकेट का महाकुंभ आज से

रानीवाड़ा (उत्तरशक्ति)। खेल प्रतिभाओं को तराशने और युवाओं को मैदान से जोड़ने के उद्देश्य से रानीवाड़ा के खेल मैदान में आगामी 5 जनवरी




से रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज होगा। पूर्व सैनिक हडमतसिंह देवल करड़ा की स्मृति में होने वाले इस खेल महोत्सव को लेकर पूरे मारवाड़ और सरहदी बाड़मेर-जालोर क्षेत्र में भारी उत्साह देखा जा रहा है। आयोजन में शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी की मौजूदगी रहेगी। भगवा क्रांति संगठन, रानीवाड़ा के तत्वावधान में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता का उद्घाटन 5 जनवरी की शाम को सात बजे सरकारी हॉस्पिटल के सामने स्थित खेल मैदान में किया जाएगा। कार्यक्रम में तारातरा मठ के महंत और पोकरण विधायक प्रतापपुरी महाराज का सान्निध्य रहेगा। रहेगा। अतिथि के नाते जालोर-सिरोही सांसद लुम्बाराम चौधरी, पूर्व विधायक नारायणसिंह देवल, पूर्व मंत्री अर्जुनसिंह देवड़ा और कांग्रेस जिलाध्यक्ष रमीला मेघवाल समेतअन्य अतिथि मौजूद रहेंगे। प्रतियोगिता के आयोजक तनुसिंह देवड़ा और भगवान सिंह देवल ने बताया कि रात्रिकालीन होने के कारण मैदान में दूधिया रोशनी के विशेष प्रबंध किए गए है, ताकि खिलाड़ियों और दर्शकों को अंतरराष्ट्रीय स्तर जैसा अनुभव मिल सके।

# हनुमान मीरा भायंदर नगर पर प्रभुत्व रखने वाली रावण की लंका को जला देंगे: मंत्री प्रताप सरनाईक



मीरा भायंदर (उत्तरशक्ति)। आज मीरा भायंदर शहर के राजनीतिक इतिहास में एक नए अध्याय की शुरूआत बड़े उत्साह के साथ हुई। मीरा भायंदर नगर निगम चुनाव का बिगुल बजाते हुए 81 शिवसेना उम्मीदवारों की जीत के लिए प्रचार अभियान आज भायंदर पूर्व के बी.पी. रोड स्थित हनुमान मंदिर से औपचारिक रूप से शुरू किया गया। हनुमान चालीसा का पाठ करने के बाद मंत्री प्रताप सरनाईक ने 81 उम्मीदवारों की उपस्थिति में प्रचार रैली का शुभारंभ किया। अरे, किसकी आवाज... ये तो शिवसेना की है। ऐसे जोरदार नारों से पूरा इलाका भगवा रंग में रंग गया। हिंदू हृदय सम्राट शिवसेना प्रमुख स्वर्गीय बालासाहेब ठाकरे और धर्मवीर स्वर्गीय आनंद दिघे साहब के जोशीले विचारों का अनुसरण करते हुए, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में यह चुनाव विकास और विश्वास के मुद्दे पर लड़ा जा रहा है। मुंबई और ठाणे नगर निगम की तरह, अब शिव सैनिक मीरा भायंदर पर भी अकेले ही शिवसेना का भगवा झंडा फहराने के लिए कमर कस चुके हैं। जनता का विश्वास ही हमारी ताकत है। इस अवसर पर कार्यकताओं का मार्गदर्शन करते हुए मंत्री प्रताप सरनाईक ने बेहद आक्रामक और आश्वस्त करने वाला रुख अपनाते हुए कहा, मीरा भायंदर का विकास सिर्फ हमारा वादा नहीं, बल्कि हमारा कर्तव्य है। यह चुनाव सिर्फ सत्ता के लिए नहीं, बल्कि मीरा भायंदर को विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा प्रदान करने के लिए है। विपक्ष चाहे कितनी भी बाधाएं खड़ी कर दे, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के माध्यम से शहर में विकास की नदी हर घर तक पहुंच चुकी है। ये हमारे 81 शिलादार नहीं, बल्कि मीरा भायंदर की पहचान के रक्षक हैं। 16 जनवरी को विजय का फूल शिवसेना का होगा और यह भगवा रंग हर नागरिक के विकास का प्रतीक बनेगा। आज, भायंदर पूर्व के बी.पी. रोड क्षेत्र में, हम हनुमान जी की उपस्थिति में श्रीफल विसर्जित करके 81 शिलादारों की विजय के लिए प्रचार रैली की शुरूआत कर रहे हैं। इसके साथ ही, मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि भक्तों के लिए इस स्थान पर जल्द ही एक भव्य हनुमान मंदिर का निर्माण किया जाएगा। शिव सैनिकों के इस जोरदार प्रदर्शन और जनता की उत्साहपूर्ण प्रतिक्रिया को देखते हुए, मीरा भायंदर नगर निगम में शिवसेना की सत्ता को अजेय माना जा रहा है। आज के समारोह में शिवसेना पार्टी के 81 आधिकारिक उम्मीदवार, पदाधिकारी, महिला मोर्चा के साथ हजारों शिव सैनिक बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# वरिष्ठ शिक्षिका सुमनलता सिंह की सेवानिवृत्ति पर समारोह संपन्न




मुंबई। मुलुंड पश्चिम स्थित घाटी पाडा बृहन्मुंबई महानगरपालिका स्कूल की वरिष्ठ शिक्षिका सुमनलता राघवेंद्र सिंह 33 वर्षों की सेवा के पश्चात सेवानिवृत्त हुई। उनकी सेवानिवृत्ति समारोह की अध्यक्षता पूर्व एडमिनिस्ट्रेटिव आफिसर राजकुमारी सी. गिरी ने किया। समारोह में श्रीमती सिंह के जीवन साथी राघवेंद्र सिंह,सुपुत्र आकाश सिंह, पुत्र वधू शानू आकाश सिंह,भतीजे रिवांश सिंह, विभाग निरीक्षक रमेश अडगाले, मुख्याध्यापिका अनीता उमेश गुप्ता, मराठी माध्यम की इंचार्ज शिक्षिका पूजा आटवनकर,वरिष्ठ शिक्षिका सुनीता सभाजीत गिरी, शकुंतला शर्मा, सुमन सिंह, रिचा पाल, पुष्पा पेनवाल,पूजा, कृष्णा पाटील, सोनाली लवटे, वैशाली महाजन, निशा, लक्ष्मी सिन्हा एवं विद्यालय विद्यार्थी भी उपस्थित थे। सभी ने श्रीमती सिंह की सेवानिवृत्ति के पश्चात सुखमय जीवन की कामना की है।

# नववर्ष के अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा को शुभकामनाएँ



मुंबई। नववर्ष के शुभ अवसर पर बिहार सरकार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा के सरकारी आवास पर जाकर उन्हें राधेझकृष्ण के अंगवस्त्र एवं गुलाब भेंट कर नववर्ष की शुभकामनाएँ दी गईं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री सचिवालय में कार्यरत एवं अखिल भारतीय राधेझराधे परिवार के राष्ट्रीय प्रचारक यमुना यादव उपस्थित रहे। यमुना यादव के साथ उत्तर प्रदेश राधेझराधे परिवार के कार्यकारी अध्यक्ष देवेंद्र सिंह तथा राष्ट्रीय राधे परिवार के मीडिया प्रभारी संतोष कुमार यादव भी मौजूद थे। वहीं उत्तर युवा यादव संघ के राष्ट्रीय प्रवक्ता कैलाश धारी यादव ने अपने यादव संघ की ओर से महाराष्ट्र से ही उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा को नववर्ष की हार्दिक शुभकामनाओं का संदेश प्रेषित किया। इस अवसर पर सभी ने उपमुख्यमंत्री के स्वस्थ, सफल एवं जनसेवा से परिपूर्ण नववर्ष की कामना की।

# वसई पश्चिम में भाजपा के कार्यकर्ता बहुजन विकास आघाड़ी में शामिल



वसई । वसई पश्चिम के आनंदनगर स्थित विश्वकर्मा हॉल में वसईझविरार जिला बहुजन विकास आघाड़ी का कार्यकर्ता-पदाधिकारी सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में एक बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम देखने को मिला, जब भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ कार्यकर्ता मनोज शर्मा अपने 50 से अधिक समर्थकों के साथ बहुजन विकास आघाड़ी में शामिल हो गए। मनोज शर्मा पूर्व में भाजपा में वॉर्ड प्रमुख और जिला सचिव जैसे महत्वपूर्ण पदों पर कार्यरत रह चुके हैं। बताया जा रहा है कि वे भाजपा के वर्तमान जिला नेतृत्व और वसई मंडल की कार्यप्रणाली से नाराज थे, जिसके चलते उन्होंने पार्टी छोड़ने का निर्णय लिया। इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व नगरसेवक शेखर धुरी के हाथों मनोज शर्मा और उनके सहयोगियों का बहुजन विकास आघाड़ी में औपचारिक प्रवेश कराया गया। उल्लेखनीय है कि शेखर धुरी भी हाल ही में भाजपा से नाराज होकर बहुजन विकास आघाड़ी से जुड़े हैं और पार्टी से उम्मीदवारी कर रहे हैं। मनोज शर्मा के साथ आगेवानी मलिकदादा, गायत्री बेडेकर, अनामिका भायानी, लवली शर्मा, सुमित कनोजिया, मनोज कुलकर्णी और पप्पू गैराज वाले सहित कई प्रमुख कार्यकर्ता भी बहुजन विकास आघाड़ी में शामिल हुए। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि इस बड़े पैमाने पर हुए पार्टी प्रवेश से वसई पश्चिम में बहुजन विकास आघाड़ी की स्थिति मजबूत होगी और आगामी चुनावों में पार्टी की जीत की संभावनाएं बढ़ेंगी।

# आधिकारिक उम्मीदवारों की गवाही के साथ भगवा झंडा फहराने का संकल्प लें: मंत्री प्रताप सरनाइक




मीरा भायंदर (उत्तरशक्ति)। शिवसेना ने आज मीरा भायंदर नगर निगम के आगामी आम चुनावों के लिए अपनी शक्ति का प्रदर्शन करते हुए आधिकारिक तौर पर अपना अभियान शुरू किया। महाराष्ट्र राज्य के परिवहन मंत्री और धाराशिव जिले के पालक मंत्री, प्रताप सरनाईक के मार्गदर्शन में मीरा रोड स्थित शिवर गार्डन में आयोजित भव्य महिला रैली ने यह साबित कर दिया कि शहर में राजनीतिक परिवर्तन की हवा बह रही है। इस रैली में उपस्थित 81 आधिकारिक उम्मीदवारों और हजारों रणरागिनियों ने मीरा भायंदर पर भगवा ध्वज फहराने की शपथ ली। इस रैली में हजारों महिलाओं और स्वयं सहायता समूहों की रणरागिनियों की उपस्थिति को शहर में सत्ता परिवर्तन की शुरूआत माना जा रहा है। जिस प्रकार लड़की वाहिनी के आशीर्वाद से केंद्र और राज्य में महायुति और शिवसेना सरकारें सत्ता में आईं, उसी प्रकार इस अवसर पर उपस्थित महिला बहनों और सभी शिव सैनिकों ने मीरा भायंदर नगर निगम पर शिवसेना का भगवा ध्वज फहराने का संकल्प लिया। आज हमने महिलाओं की एकजुटता की शक्ति देखी, जिन्होंने सत्ता के लालच से अंधा होकर पिछले 10 वर्षों से शहर की प्रगति में बाधा उत्पन्न करने वाली प्रवृत्तियों को दफना दिया। सभा को संबोधित करते हुए मंत्री प्रताप सरनाईक ने स्थानीय शासकों पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, पिछले दस वर्षों से सत्ता के लालच में अंधे होकर विकास के नाम पर शहर पर कब्जा करने वाली लोभ प्रवृत्तियों ने मीरा भायंदर को नुकसान पहुंचाया है। जिस प्रकार भगवान ने राक्षस भास्मासुर का नाश किया, उसी प्रकार अब यहां की महिलाओं की शक्ति को मतदान के माध्यम से इस राजनीतिक राक्षस भास्मासुर का नाश करना होगा। उन्होंने अपने भाषण में चेतावनी देते हुए कहा कि शिवसेना ने महागठबंधन के लिए अंतिम क्षण तक प्रयास किया, लेकिन अब शहर की पहचान को उसकी अपनी ताकत से मजबूती मिली है। उमेद मॉल स्वयं सहायता समूहों में कार्यरत महिलाओं के लिए प्रिय बहनों सम्मान की स्थापना करेगा मीरा भायंदर नगर में विभिन्न समुदायों के नागरिकों के लिए सामुदायिक भवन बनाए गए हैं। कुछ सामुदायिक भवनों का उद्घाटन हो चुका है और कुछ की आधारशिला रखी जा चुकी है। लेकिन अब, स्वयं सहायता समूह की इस बैठक के माध्यम से मंत्री प्रताप सरनाईक ने स्वयं सहायता समूहों में कार्यरत महिलाओं के लिए उमेद मॉल के निर्माण की बड़ी घोषणा की है और स्पष्ट किया है कि इस उमेद मॉल की आधारशिला 2026 में रखी जाएगी। इस सभा में शिवसेना की स्टार प्रचारक और राष्ट्रीय प्रवक्ता शायना एन.सी. और शिवसेना प्रवक्ता सूजी बेन शाह प्रमुख रूप से उपस्थित थीं। इस अवसर पर बोलते हुए मंत्री प्रताप सरनाईक ने कहा, अपनी प्रिय बहनों के इस विशाल समूह को देखकर मुझे गर्व महसूस हो रहा है। अब समय आ गया है कि उन लालची लोगों को घर भेज दिया जाए जिन्होंने पिछले दस वर्षों से केवल सत्ता का आनंद लिया है। मुंबई और ठाणे की तरह, मीरा भायंदर में भी शिवसेना का भगवा रंग चमकेगा। हम महिलाओं की कठिनाइयों को वास्तविकता में बदलने के लिए एक अलग बचत गट मॉल' स्थापित करेंगे। मेरा वचन है कि मीरा भायंदर की इस धरती पर सत्ता को अपना एकाधिकार समझने वालों का पदार्फाश करने का समय आ गया है।

# लाल शेखर सिंह को ठाकुर कॉलेज में एंटी रैगिंग कमेटी का सदस्य के रूप में हुआ चयन



मुंबई (उत्तर शक्ति)। लालशेखर सिंह(पत्रकार) को मुंबई के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान ठाकुर ग्रुप ऑफ कॉलेज में सुप्रीम कोर्ट के निर्देशानुसार निर्मित कमेटी एंटी रैगिंग कमेटी के सदस्य के रूप में मनोनीत किया गया। इस अवसर को प्रदान करने के लिए श्री सीताराम जी,कॉलेज के प्रिंसिपल प्रोफेसर डॉक्टर बृजेंश कुमार सिंह का विशेष योगदान रहा। लाल शेखर सिंह ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि मैं कमेटी को विश्वास दिलाता हु कि जिम्मेदारी को पूर्ण रूप से ईमानदारी के साथ निभाने का प्रयास करूंगा। श्री सीताराम जी कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रोफेसर डॉ बृजेश सिंह का बहुत ही आभारी हूं। लाल शेखर सिंह के चयन पर दैनिक उत्तरशक्ति समाचार पत्र के संपादक ओम प्रकाश प्रजापति, उपसंपादक प्रेम चंद मिश्रा, पत्रकार आनंद कुमार मिश्रा, ठाकुर अमित सिंह, जगदीश तिवारी सहित कई लोगों ने हार्दिक बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

# डॉक्टर हेमंत सावरा की उपस्थिति में भाजपा पालघर जिला ग्रुप लीडरों का चयन

पालघर। भारतीय जनता पार्टी, पालघर जिला द्वारा हाल ही में संपन्न नगर परिषद एवं नगर पंचायत चुनावों के पश्चात विभिन्न नगर निकायों में ग्रुप लीडरों के चयन की प्रक्रिया सफलतापूर्वक पूरी की गई। यह चयन प्रक्रिया भाजपा पालघर जिला अध्यक्ष माननीय भरतभाई राजपूत की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस अवसर पर सांसद एवं चुनाव प्रभारी डॉ. हेमंतजी सावरा, विधायक हरिश्चंद्र भोये, जिला चुनाव प्रमुख बाबाजी कथोले सहित पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं अनेक गणमान्य कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से



निम्नलिखित ग्रुप लीडरों का चयन किया गया। जिसमें जगदीश राजपूत को दहानू नगर परिषद, भवानंद सांखे एवं कुणाल उदावंत को जवाहर नगर परिषद, रामचंद्र भोईर को वाडा नगर पंचायत का ग्रुप लीडर चुना गया। भारतीय जनता पार्टी, पालघर जिला की ओर से सभी नव-निर्वाचित ग्रुप लीडरों को हार्दिक बधाई दी गई। पार्टी नेतृत्व ने विश्वास व्यक्त किया कि इनके सक्षम नेतृत्व में संबंधित नगर परिषदों एवं नगर पंचायतों में विकासोन्मुख, पारदर्शी और जनहितकारी कार्यों को गति मिलेगी। साथ ही सभी ग्रुप लीडरों को उनके आगामी कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी गईं।

# नोबल आयुर्वेद हॉस्पिटल, झुंझुनूं में डॉ. महेश इंद्रा का दौरा



झुंझुनूं। कस्बे के नोबल आयुर्वेद हॉस्पिटल एंड पंचकर्म सेंटर, गोलाई मोड़, झुंझुनूं का राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय, सीकर के एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ. महेश इंद्रा ने पिलानी से आते समय दौरा किया। इस दौरान उनके साथ मनोज कुमार भी उपस्थित रहे। डॉ. इंद्रा ने हॉस्पिटल में उपलब्ध उन्नत आयुर्वेदिक चिकित्सा सुविधाओं की विस्तार से जानकारी ली तथा पंचकर्म चिकित्सा सहित विभिन्न उपचार व्यवस्थाओं की भूरि-भूरि प्रशंसा की। डॉ. इंद्रा ने कहा कि यह हॉस्पिटल आयुर्वेद चिकित्सा के प्रचार-प्रसार के साथ-साथ जनसेवा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उनके आगमन पर हॉस्पिटल प्रबंधन की ओर से डॉ. रामा कसवां एवं डॉ. महेश कुमार झाझड़िया ने सम्मान प्रतीक भेंट कर उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर हॉस्पिटल के स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे।

# रामचरितमानस की सार्थकता पढ़ने में नही इसे जीने में है: पूज्य राजन महाराज



मुम्बई(उत्तर शक्ति)। गोरेगाँव,मानस की सार्थकता पढ़ने में नही इसे जीने में है।भगवान की कथा सुनने से जीवन की सारी व्यथा समाप्त हो जाती है।कैलाश से भगवान शिव के मुखार बिंद से जो रामकथा प्रवाहित होकर आज भी गुरु शिष्य परंपरा में निरंतर प्रवाहमान है, वही रामकथा मै भी अपने महाराज जी प्रेममूर्ति पूज्यश्री प्रेमभूषण महाराज से सुनकर आप को प्रेम पूर्वक गोरेगांव के इस प्रेमघाट पर सुनाने आया हूँ।यह उद्गार पूज्य राजन महाराज ने गोरेगांव के बांगुर नगर में लक्ष्मी सरस्वती ग्राउंड में आयोजित नौ दिवसीय मानस महोत्सव में व्यक्त करते हुए कहा कि जीवन में कथा की निरंतरता हमारे मन मानस में प्रवेश करके हमारा मंगल करती है।प्रेममूर्ति पूज्यश्री प्रेमभूषण महाराज के कृपापात्र पूज्य राजन महाराज ने व्यासपीठ से रामकथा महिमा गान करते हुए कथा में उमड़े जन सैलाब के बीच निवेदित किया कि अपने स्वयं के द्वारा सम्पादित किये गए कार्य को भी अपने श्रेष्ठ की कृपा मान कर उनके चरणों में समर्पित कर देना ही हमारे जीवन की श्रेष्ठता है,रचि महेश निज मानस राखाझ मानस की इस चौपाई का भाव स्पष्ट करते हुए राजन महाराज ने कहा कि रामचरित मानस की रचना करने वाले तुलसीदास जी ने इसे अपनी नही,स्वयंभगवान शिव की रचना बताया और इसी भाव में इस चौपाई को लिखा। पूज्य राजन महाराज ने महत्वपूर्ण संदेश देते हुए कहा कि राष्ट्र निर्माण हेतु बच्चों को कथा सुनाने लेकर अवश्य जाना चाहिए,जिससे बच्चे संस्कारवान बन सकें इसलिए बुजुर्गों से अधिक बच्चों का कथा सुनना लाभदायी होता है।कैलास मानसरोवर और मानस सरोवर की तुलना करने हुए पूज्य राजन महाराज ने कहा कि मानसरोवर में लोग दर्शन और स्नान करके बाह्य रूप से शुद्ध होते हैं, लेकिन मानस सरोवर में अवगाहन करके बाह्य और आंतरिक दोनों प्रकार से पवित्र हो जाते हैं। मानसरोवर में हंस के दर्शन होते हैं लेकिन मानस- सरोवर में संतों का दर्शन होता है, मानसरोवर में डूबकर मरने का डर होता है किंतु मानस सरोवर में डूबने से तरने का लाभ प्राप्त होता है।



महायुति का महानगरपालिका के चुनाव हेतु प्रचार का बिगुल बज चुका है। एक चुनावी कार्यक्रम में भाजपा महाराष्ट्र प्रदेश के कार्यालय मंत्री मुकुंद कुलकर्णी से मुलाकात करते हुए वरली कोलीवाड़ा मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष बालगोविंद तिवारी के साथ भाजपा के तमाम कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे । छायाः उत्तरशक्ति

# जीरो टिलेज से करें खेती, होगी अच्छी पैदावार

सिवान (उत्तरशक्ति)। महाराजगंज बिहार के सिवान जिला अंतर्गत महाराजगंज प्रखंड के किसान भवन में कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण आत्मा के तत्वावधान में शनिवार को जीरो टिलेज गेहूं विषय पर किसान पाठशाला का आयोजन किया गया। इस आयोजन में तकनीकी प्रबंधक सरहद सिंह बघेल ने किसान पाठशाला में किसानों को मुख्य रूप से बताया गया कि जीरो टिलेज गेहूं की खेती एक आधुनिक और फायदेमंद विधि है। जिसमें पिछली फसल के अवशेष खेत में छोड़कर बिना जुताई के सीधे बीज बोए जाते हैं। इससे समय तथा पैसा की बचत होती है। साथ ही नमी बनी रहती है। मिट्टी की उर्वरता बढ़ती है, और उत्पादन में वृद्धि होती है। जो किसानों के लिए बेहद फायदेमंद और लाभकारी है। तथा पर्यावरण को भी फायदा पहुंचती है। यह विधि जीरो टिलेज नामक मशीन से की जाती है। जो बुवाई और खाद डालने का काम एक साथ करती है। जिससे मजदूरों की बचत होती है। इस क्रम में किसानों के बीच जीरो टिलेज विधि क्या है? इस पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि इस तकनीक में खेत की जुताई नहीं की जाती है, धान कटाई के बाद बचे ठूंठों को खेत में ही रहने दिया जाता है। एक विशेष मशीन जीरो टिलेज का उपयोग कर-के सीधे मिट्टी में गेहूं के बीज और खाद बोए जाते हैं। जीरो टिलेज गेहूं की खेती के फायदेमंद व लागत में कमी आती है। जैसे जुताई और निराई गुड़ाई का खर्च बचता है, जिससे किसानों की आय बढ़ती है। वहीं बुवाई की प्रक्रिया पारंपरिक तरीकों से 10 से 20 दिन जल्दी पूरी हो जाती है। इस तरह से किसानों को कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई। साथ ही किसानों को प्रशिक्षण, परिभ्रमण, फार्मर रजिस्ट्री तथा बिहार कृषि एप्लीकेशन के बारे में बताया गया। इस मौके पर किसान मोहन प्रसाद और, नीलेश पांडे, वीरेंद्र प्रसाद, मनोज प्रसाद, देव लाल भगत, धनलाल महतो, सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

## आरोपः मेरे पट्टीदार जबरन खड़ा कर रहे हैं दिवाल

केराकत, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। स्थानीय क्षेत्र के उदयचंदपुर गांव निवासी पारो दुबे ने शनिवार को कोतवाली पहुंच नामजद तहरीर देकर आरोप लगाया कि घर के सामने आबादी की जमीन पर मेरे पट्टीदार जबरन दिवाल खड़ा कर रहे थे, मना करने पर गाली गलौज व मारपीट करने पर आमादा हो गए।जिसकी सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची पुलिस हो रहे निर्माण कार्य को बंद करा कर हमारे ससुर, पति और जेठ को अपने साथ ले गई। पुलिस को जाते ही विपक्षियों द्वारा निर्माण कार्य दोबारा किया जाने लगा, हमारी देवरानी प्रियंका दुबे ने विरोध किया तो उक्त लोगो द्वारा हमारे साथ छेड़छाड़ व हाथापाई करने लगे जिससे हमारे हाथों में खरोच आ गया। अखिलेश दुबे पर पारो दुबे ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि अखिलेश दुबे हम लोगों को अश्लील बातें बोलता है कहता हैं कि कभी मौका मिलेगा तो तुम दोनों को बताऊंगा। पुलिस पीड़िता के तहरीर के आधार पर मामले की छानबीन में जुट गई।

## सुजानगंज में तैनात 112 आरक्षी की सड़क दुर्घटना में हुई मौत



सुजानगंज, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। थाना सुजानगंज अन्तर्गत 112 पीआरवी पर तैनात आरक्षी शिवनारायण पुत्र राम लोटन निवासी निहलखेड़ा थाना शिवगढ़ जनपद रायबरेली (पीएनओ-192380645), जो दिनांक 03.01.2026 से 03 दिवस के अवकाश पर थे, की थाना बछरावां, जनपद रायबरेली क्षेत्र अंतर्गत सड़क दुर्घटना में दुःखद मृत्यु हो गई। जौनपुर पुलिस द्वारा दिवंगत आरक्षी के परिजनों से वार्ता कर संवेदना व्यक्त की गई तथा पुलिस विभाग की ओर से सहयोग राशि आरक्षी के पिता को प्रदान की गई। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा शोकाकुल परिवार को इस कठिन समय में हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया गया है। शहीद आरक्षी शिवनारायण को उनके पैतृक गांव निहलखेड़ा थाना शिवगढ़ जनपद रायबरेली में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर उनके अदम्य साहस एवं कर्तव्यनिष्ठा को नमन करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में थानाध्यक्ष सुजानगंज मय पुलिस एवं थाना स्थानीय पुलिस सहित अन्य पुलिस अधिकारी/कर्मचारीगण एवं शहीद के परिजन उपस्थित रहे। जौनपुर पुलिस अपने दिवंगत/शहीद जवानों की सेवा, साहस एवं बलिदान को नमन करती है तथा उनके परिवारजनों के साथ सदैव खड़े रहने के लिए प्रतिबद्ध है।

## पुलिस जनता की मदद को हमेशा तैयार : गोल्डी गुप्ता

जफराबाद, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। पुलिस आम जनता की मदद के लिए हमेशा तैयार रहती है। कोई भी समस्य हो उसकी जानकारी पुलिस को दें। यह बातें क्षेत्र के जमैथा गांव में ग्राम सुरक्षा समिति की बैठक को सम्बोधित करते हुए सीओ सिटी आईपीएस गोल्डी गुप्ता ने कही। उन्होंने कहा कि गांव में किसी भी प्रकार की अराजकता तथा गड़बड़ी फैलाने वालों की सूचना तत्काल पुलिस को दें। श्री गुप्ता ने कहा कि आगामी कुछ महीने बाद पंचायत चुनाव होने वाले है।चुनाव को लेकर किसी भी प्रकार का आपसी व्यवहार खराब नही करें।इसके अलावा अगर कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का संदिग्ध कार्य करता हो तो उसकी सूचना पुलिस को दें। जानकारी देने वाले कि सूचना गुप्त रखी जायेगी। थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश शुक्ल ने लोगों को अपना सीयूजी नम्बर देते हुए कहा कि कभी भी कोई समस्या हो तत्काल अवगत कराएं। बदमाशों तथा मनबढ़ों पर कार्यवाही की जाएगी। इस मौके पर चौकी प्रभारी राधेश्याम सिंह, प्रधान अमरसेन यादव विनीत सिंह सहित अन्य गांव के लोग मौजूद रहे।

## वाहन से कुचलकर बाइक सवार युवक की मौत

जौनपुर ( उत्तरशक्ति )। केराकत कोतवाली क्षेत्र के हुरुहुरी गांव में स्थित पेट्रोल पंप के समीप वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान संजय उर्फ नाटे पुत्र सनोज 35 वर्ष निवासी शेखजादा मोहल्ला के रूप में हुई। मृतक संजय केराकत नगर पंचायत कार्यालय में कर्मचारी के रूप में तैनात था। परिवार के साथ एमआरएस सेंटर हुरुहुरी में रहता था। शनिवार की रात लगभग 10 बजे हुरुहुरी से नगर पंचायत कार्यालय जा रहा था। जैसे ही सड़क पर पहुंचा तभी अज्ञात तेज रफ्तार वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही संजय सड़क के किनारे जा गिरा और मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। टक्कर की आवाज सुन जब तक लोगों की भीड़ इकट्ठा होती कि मौका देख चालक वाहन समेत फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम भेज आवश्यक कार्यवाही में जुट गई। मृतक के पास दो पुत्र सोनू, यश व दो पुत्री संजना व पायल हैं। मृतक की पत्नी रोशन का करुण क्रंदन सुन मौजूद लोगों की आंखें भर आई।

## दिनेश प्रताप सिंह प्रदेश स्तरीय क्रिकेट टूनार्मेंट का समापन



जौनपुर (उत्तरशक्ति)। राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, कृषि विपणन, कृषि, विदेश व्यापार, कृषि निर्यात विभाग उत्तर प्रदेश, दिनेश प्रताप सिंह प्रदेश स्तरीय क्रिकेट टूनार्मेंट के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। संकट मोचन धाम स्टेडियम प्रेमकापूरा सुजानगंज, मुंगराबादशाहपुर में आयोजित इस प्रतियोगिता में विजेता और उपविजेता टीमों और खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते हुए मंत्री ने सभी खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि युवाओं के हाथ में ही हमारे देश का भविष्य है, युवा स्वस्थ रहेंगे तभी हमारा देश विकास कर सकेगा, आज का युवा हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहा है, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी हमारे युवा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए देश का नाम रोशन कर रहे हैं। इसके साथ ही मंत्री द्वारा उद्यान विभाग की ओर से आयोजन स्थल स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर परिसर के समीप पौधरोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इस अवसर पर पूर्व सांसद बी.पी. सरोज, अजय शंकर दुबे, संतोष तिवारी, जिला महामंत्री सुशील मिश्रा, आलोक सिंह, कैलाश दुबे सहित अन्य सम्मानित जनप्रतिनिधि, गणमान्यजन, जिला उद्यान अधिकारी सीमा सिंह राणा सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी प्रगतिशील किसान तथा आमजन उपस्थित रहे।

## शाहगंज में आयुष इलेक्ट्रॉनिक में भीषण आग, लाखो का नुकसान



शाहगंज, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। शाहगंज नगर के डाकखाना तिराहा मेन रोड स्थित आयुष इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में देर रात भीषण आग लग गई। आग लगने की यह घटना रात करीब 1:30 बजे की बताई जा रही है, जब आसपास के लोगों ने दुकान से धुआं और आग की लपटें उठती देखीं। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। सूचना पर फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद लगभग डेढ़ घंटे में आग पर काबू पाया गया। आग की चपेट में आकर दुकान में रखा इलेक्ट्रॉनिक सामान, फर्नीचर और अन्य सामग्री पूरी तरह जलकर खाक हो गई। प्रारंभिक आकलन के अनुसार इस हादसे में लाखो रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। राहत की बात यह रही कि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। दुकान के मालिक रजनीकांत सेठ पुत्र स्वर्गीय शिवनाथ सेठ बताए जा रहे हैं। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। प्रशासन और फायर विभाग द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

# विरासत से आधुनिकता तक, खेल बने नए भारत की पहचान : योगी आदित्यनाथ



वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 72वीं सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप के उद्घाटन अवसर पर काशी में उपस्थित खिलाड़ियों, जनप्रतिनिधियों और खेल प्रेमियों का हृदय से स्वागत व अभिनंदन किया। साथ ही यूपी एवं बिहार के बीच खेले जा रहे मैच का मुख्यमंत्री ने ग्राउंड पर वॉलीबॉल उछालकर खेल का आगाज भी किया. उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्चुअल संबोधन के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह आयोजन काशी और उत्तर प्रदेश के लिए गौरव का क्षण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बीते साढ़े ग्यारह वर्षों में देश ने अभूतपूर्व परिवर्तन देखा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने अपनी प्राचीन विरासत के साथ आधुनिक विकास का ऐसा मॉडल प्रस्तुत किया है, जिस पर आज हर भारतवासी गर्व कर रहा है। कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से समाज के अंतिम पायदान पर खड़ा व्यक्ति भी शासन की योजनाओं का लाभ लेकर आत्मनिर्भर बन रहा है।

सीएम योगी ने कहा कि खेल केवल समय बिताने का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन के सर्वांगीण विकास का आधार हैं। भारतीय मनीषा प्राचीन काल से ही यह सिखाती आई है कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन और सफल जीवन का वास होता है। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए ह्यखेलो इंडिया, फिट इंडिया मूवमेंट, सांसद खेलकूद प्रतियोगिता और प्रदेश में विकसित हो रहे आधुनिक खेल अवसंरचना ने खेल संस्कृति को नई दिशा दी है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में गांव से लेकर शहर तक खेल प्रतिभाओं को मंच देने का कार्य हुआ है। आज ग्रामीण अंचल से राष्ट्रीय स्तर तक खिलाड़ी उभर रहे हैं। प्रत्येक गांव में खेल का मैदान, विकासखंड स्तर पर मिनी स्टेडियम और नगर निकायों में खेल सुविधाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि 45 वर्षों बाद वाराणसी में सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप का आयोजन इस बात का प्रमाण है कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में प्रदेश में खेलों का आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर विकसित हुआ है। उन्होंने कहा स्मार्ट सिटी मिशन के तहत बनी सुविधाएं और साई के साथ हुए एमओयू से खिलाड़ियों को उच्चस्तरीय प्रशिक्षण मिलेगा। सीएम योगी ने विश्वास जताया कि यह आयोजन न केवल काशी बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश को खेल के राष्ट्रीय मानचित्र पर नई पहचान दिलाएगा और युवा ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देगा। काशी में पहली बार इतने बड़े स्तर पर राष्ट्रीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। स्टेडियम को रंग-बिरंगे झंडों, बैनर और होर्डिंग्स से भव्य रूप से सजाया गया। मुख्यमंत्री योगी के आगमन पर मोदी-योगी जल्दी आवाह्न और हर-हर महादेव के नारे गूंजते रहे।

## शीर्ष नेतृत्व ने अवसर दिया तो जनता की सेवा करूंगा : डॉ. सूर्यभान यादव



शाहगंज, जौनपुर ( उत्तरशक्ति )। शाहगंज क्षेत्र के चर्चित समाजसेवी एवं युवा नेता डॉ. सूर्यभान यादव ने कहा कि यदि पार्टी के शीर्ष नेतृत्व द्वारा उन्हें अवसर दिया जाता है तो वह शाहगंज क्षेत्र की जनता की निस्वार्थ सेवा पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ करेंगे। डॉ. यादव ने कहा कि शाहगंज क्षेत्र की जनता की समस्याओं से वह भली-भांति परिचित हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सड़क, बिजली और पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं को मजबूत करना उनकी प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास ही उनका मुख्य उद्देश्य है और इसके लिए वह हर स्तर पर संघर्ष करने को तैयार हैं। उन्होंने यह भी कहा कि जनता का विश्वास और समर्थन ही किसी भी जनप्रतिनिधि की सबसे बड़ी ताकत होती है। यदि उन्हें सेवा का अवसर मिला तो वह जन-जन की आवाज बनकर क्षेत्र के विकास के लिए लगातार कार्य करेंगे। डॉ. सूर्यभान यादव के इस बयान के बाद उनके समर्थकों में उत्साह देखा जा रहा है और क्षेत्र में राजनीतिक चचाएं भी तेज हो गई हैं।

## पिकअप-टाटा मैजिक में टक्कर



-आफताब आलम

मानीकलां, जौनपुर (उत्तरशक्ति)। खेतासराय थाना क्षेत्र में एक पिकअप और मैजिक वाहन के बीच जोरदार टक्कर हो गई। यह हादसा गुरैनी मानीकलां रोड पर नियाज नेशनल स्कूल के पास हुआ। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में कोई गंभीर रूप से हताहत नहीं हुआ।टक्कर इतनी भीषण थी कि मैजिक खाई में पलट गई। वहीं, पिकअप सड़क से नीचे उतरकर खेत में चली गई और उसका अगला टायर फट गया।मैजिक चालक के पैर में हल्की चोट आई है, जबकि पिकअप चालक बाल-बाल बच गए। पिकअप चालक ने बताया कि उसकी आंख लग गई थी, जिसके कारण सामने से आ रही मैजिक से टक्कर हो गई।इस हादसे में मैजिक का मेन एक्सल सापट टूट गया, और बॉडी डैमेज हो गई जिससे वाहन को काफी नुकसान पहुंचा। स्थानीय ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर मैजिक को सीधा करने में मदद की।

## मीरा रोड में श्रीमद भागवत कथा आज से



मीरा भायंदर (उत्तरशक्ति)। मीरा रोड में श्रीदुर्गा माता चेरिटेबल सो. द्वारा विगत 1018 से आयोजित श्रीमद भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। उसी की आगे की कड़ी में आज मीरा रोड में कलश यात्रा सुबह 9 बजे से हटकेश्वर शिव मंदिर से जेपी होते हुए कथा स्थल तक आयोजित है एवं सोमवार 5/1/2026 से रविवार 11/1/2026 शाम 5.30 से रात्रि 9.30 तक डॉक्टर बाबा साहेब अम्बेडकर उद्यान के बगल, नजदीक जी सी क्लब, हाटकेश, विनय नगर, मीरा रोड पूर्व में श्रीमद भागवत कथा कथा वाचक श्री श्री कुणाल महाराज के मुखार बिंद से भक्त गण आनंद की वर्षा का रसा स्वाद करेंगें। दिनांक सोमवार 12/1/2026 सुबह हवन एवं शाम 4 बजे भजन गायक मुकेश तिवारी म्यूजिकल ग्रुप द्वारा भजन संध्या एवं शाम 7 बजे से भण्डारा आयोजित है, मुख्य आयोजक महेंद्र पाण्डेय ने बताया की श्रीमद भागवत कथा के लिए कार्यकारिणी के वेद प्रकाश सिंह, ओम प्रकाश मिश्रा, उमेश पाण्डेय, राजेश सिंह, रमापति मिश्रा, कुसुमाकर पाण्डेय, कमलेश तिवारी, देवराज यादव, कमलेश सिंह, प्रमोद सिंह, अविनाश दुबे, अभिषेक यादव, शिवचंद्र भोरगीर, विजय त्रिपाठी, ब्रम्हदेव पाण्डेय, विजय सिंह, विपिन शुक्ला के साथ साथ सभी कार्यकर्ता कार्यरत है। मुख्य आयोजक महेंद्र पाण्डेय ने श्रीमद भागवत कथा में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भक्तों से आने का अनुरोध किये हैं।

# काशी से निकलेगा राष्ट्रीय खेल संदेश : बृजेश पाठक

### 84 साल बाद यूपी को मिली सीनियर नेशनल की मेजबानी



वाराणसी। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि धर्म और संस्कृति की विश्वविख्यात नगरी काशी अब खेल के राष्ट्रीय मानचित्र पर भी एक नया इतिहास रचने जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में 72वीं सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप का आयोजन 4 से 11 जनवरी तक डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम, सिगरा में किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 84 वर्षों बाद उत्तर प्रदेश को मिली सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप की मेजबानी के रूप में दर्ज होगी।

उन्होंने कहा कि देश के 31 राज्यों की 30 पुरुष और 28 महिला टीमें इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग ले रही हैं। प्रारंभिक चरण में लीग मुकाबले खेले जाएंगे, जिसके बाद क्वार्टर फाइनल, सेमीफाइनल और 11 जनवरी को फाइनल मुकाबला आयोजित होगा। प्रतिदिन किसी न किसी विशिष्ट अतिथि की उपस्थिति भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएगी। उन्होंने कहा कि डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में पहली बार अंतरराष्ट्रीय मानकों के टफलेक्स कोर्ट पर सीनियर नेशनल वॉलीबॉल के मुकाबले खेले जा रहे हैं. यह स्टेडियम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदृष्टि और खेल अवसंरचना को लेकर किए गए प्रयासों का परिणाम है, जिसने काशी को राष्ट्रीय खेल आयोजनों के योग्य मंच प्रदान किया है। उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि खिलाड़ी ही देश को हर मैदान में ऊंचाइयों तक ले जाते हैं। खेल हमें हार-जीत से ऊपर उठकर फिर से नई चुनौती के लिए तैयार होना सिखाता है। उन्होंने देशभर से आए खिलाड़ियों का उत्तर प्रदेश की 25 करोड़ जनता की ओर से स्वागत और अभिनंदन किया। बहुत वर्षों बाद उत्तर प्रदेश में सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप का आयोजन यह संकेत देता है कि काशी अब केवल आध्यात्मिक ही नहीं, बल्कि खेल संस्कृति की भी राष्ट्रीय पहचान बन रही है। आने वाले दिनों में यह आयोजन वाराणसी को देश के प्रमुख खेल केंद्रों में स्थापित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

उन्होंने कहा कि भारत अब केवल विकास का नहीं, बल्कि खेलों का भी वैश्विक केंद्र बन रहा है। खेलो इंडिया, राष्ट्रीय खेल नीति और खेल संगठनों में पारदर्शिता ने युवाओं को आगे बढ़ने का मंच दिया है। उन्होंने बताया कि 2030 कॉमनवेल्थ गेम्स और 2036 ओलंपिक की मेजबानी के लिए भारत गंभीरता से प्रयास कर रहा है, ताकि खिलाड़ियों को अधिक से अधिक अवसर मिल सकें। उन्होंने कहा कि खेल अवसंरचना में हुए बदलाव का लाभ काशी को भी मिला है। आधुनिक स्टेडियम और बड़े आयोजनों ने वाराणसी को राष्ट्रीय खेल मानचित्र पर नई पहचान दी है। जी-20 बैठक, प्रवासी भारतीय सम्मेलन और अब नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप, काशी लगातार बड़े आयोजनों का केंद्र बन रही है। उन्होंने अंत में खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह चैंपियनशिप भारत के खेल सपनों को नई ऊंचाई देगी।

## सपा के दो दर्जन युवाओ ने थामा भाजपा का दामन

**0- भकुरा में भाजपा जिलाध्यक्ष के स्वागत समारोह का आयोजन**

**0-सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के प्रति किया गया जागरूक**



जौनपुर ( उत्तरशक्ति )। करंजाकला के भकुरा गांव के मैदान में प्रजापति समाज की ओर से भाजपा के नव नियुक्त जिला अध्यक्ष अजीत प्रजापति के स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें दो दर्जन से अधिक सपा कार्यकर्ताओ ने भाजपा का दामन थाम लिया। सरकार की योजनाओं को लेकर सबको जागरूक किया।

बता दें कि भाजपा के नए जिला अध्यक्ष अजीत प्रजापति के स्वागत सम्मान समारोह में भकुरा गांव के मैदान में प्रजापति समाज द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि भाजपा के जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति व विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सुनील यादव मम्मन के नेतृत्व मे प्रजापति समाज से लेकर अन्य समाज के दो दर्जन से अधिक सपा के कार्यकताओ ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। उन्हें मुख्य अतिथि अजीत प्रजाप जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति व विशिष्ट सुनील यादव मम्मन ने माला उत्तरी पहनाकर सदस्यता दिलाई। सदस्यता ग्रहण करने वालो भारतीय जनता पार्टी के सभी निदेशों का अनुपालन पूरी ईमानदारी निष्ठा से करने का संकल्प लिया और पार्टी को और मजबूत करने का आश्वासन दिया। जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति ने कहा कि सरकार हमेशा लोगों के मदद करने के लिए काम कर रही है और उन तक सभी योजनाओं का लाभ पहुंचा रही है । भाजपा नेता सुनील कुमार यादव मम्मन ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाएं सभी तक पहुंचाई जा रही है, जरूरतमंदों को गर्म व ऊनी कपड़े भी वितरित किए जा रहे हैं । इसके अलावा विकास कार्यों पर जोर दिया जा रहा है। प्रजापति समाज ने पार्टी के प्रति जो उत्साह दिखाया है वह काबिले तारीफ है । इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य श्यामबाबू यादव, राजेंद्र प्रजापति, राहुल प्रजापति, बिजेंदर प्रजापति , पूर्व प्रधान आशुतोष सिंह, सत्येंद्र सिंह, नखलेश प्रजापति, बड़कूराम प्रजापति, मनोज उपाध्याय, लल्लन उपाध्याय, संगठा सिंह, शंकर प्रजापति, लालता प्रजापति, सुखदेव प्रजापति ,सुरेंद्र प्रजापति, प्रदीप प्रजापति ,क्षमानाथ, अनिल कुमार, अंशु विशाल ,गोविंद राजन, संदीप ,विनोद, गुड्डू प्रजापति, रोहित अंकित प्रियांशु ने आयोजन में सहयोग दिया।

## कंबल वितरण के बाद अग्निकांड पीड़ित व्यापारी से मिले व्यापारी नेत , हर संभव सहयोग का दिया भरोसा



शाहगंज ,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। नगर की अग्रणी सामाजिक संस्था जेसीआई शाहगंज सिटी द्वारा रविवार को आयोजित निःशुल्क कंबल वितरण कार्यक्रम के उपरांत कार्यक्रम में शामिल अतिथियों ने नगर के डाकखाना तिराहा स्थित आयुष इलेक्ट्रॉनिक में हुई भीषण आग की घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया। अतिथियों ने पीड़ित दुकानदार रजनीकांत सेठ से मुलाकात कर घटना की जानकारी ली और हर संभव सहयोग का भरोसा दिलाया। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष दिनेश टंडन, प्रदेश उपाध्यक्ष सोमेश्वर केसरवानी, शाहगंज उद्योग व्यापार मंडल के तहसील अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल, जेसीआई इंडिया जोनझ्र3 के पूर्व मंडलाध्यक्ष राधे रमण जायसवाल सहित अन्य व्यापारियों व सामाजिक प्रतिनिधियों ने मौके पर पहुंचकर पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि इस कठिन समय में व्यापार मंडल व सामाजिक संस्थाएं पीड़ित के साथ खड़ी हैं और आर्थिक व प्रशासनिक सहयोग दिलाने का प्रयास किया जाएगा। व्यापारियों ने आश्वस्त किया कि वे इस घटना को लेकर सक्षम अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं मुख्यमंत्री स्तर तक बात कर शाहगंज में फायर स्टेशन स्थापित करने की मांग को प्रमुखता से उठाएंगे, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से समय रहते निपटा जा सके। साथ ही आग से हुए नुकसान की भरपाई के लिए शासन-प्रशासन से उचित मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा। अवसर पर व्यापार मंडल के पदाधिकारी में अर्पित जायसवाल ,नगर अध्यक्ष रविकांत जायसवाल,दिवाकर मिश्रा, सौरभ ,सेठ दीपक जायसवाल, धीरज जायसवाल आदि पदाधिकारी सदस्य उपस्थित रहे।

## विधायक की भाभी के निधन पर खेल मंत्री ने दी श्रद्धांजलि



जौनपुर (उत्तरशक्ति)। सुइथाकला विकासखंड क्षेत्र के अरसिया गांव निवासी और बदलापुर के भाजपा विधायक रमेशचंद्र मिश्र की भाभी रीता मिश्रा के निधन पर शनिवार की देर रात तक श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए जनप्रतिनिधियों, विशिष्ट जनों, अधिकारियों कर्मचारियों और क्षेत्र वासियों का तांता लगा रहा। प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण विभाग राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चंद्र यादव ने उनके निवास स्थान पर पहुंचकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। खेल मंत्री ने शोकाकुल परिजनों से मिलकर अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए ढांढस बंधाया। उन्होंने आत्मा की शांति व परिजनों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। विधायक के पैतृक निवास पर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त करने के लिए गणमान्य नागरिकों एवं स्थानीय लोगों का सिलसिला जारी है। मौके पर मड़ियाहूं विधायक डॉ.आरके पटेल, अपना दल एस के राष्ट्रीय सचिव पप्पू माली, एमएलसी बृजेश सिंह प्रिंशु, वरिष्ठ समाजसेवी ज्ञान प्रकाश सिंह, डीएम डॉ दिनेश चन्द्र, एसपी डॉ. कौस्तुभ, आईपीएस श्रुष्टि जैन, स्काउट गाइड के जिला मुख्य आयुक्त एवं पूर्व प्रधानाचार्य डॉ रणजीत सिंह, आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक रामचंद्र, भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति, केराकत के पूर्व विधायक दिनेश चौधरी, सुइथाकला ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ. उमेश चंद्र तिवारी व करंजाकला ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि सुनील यादव मम्मन, खुटहन ब्लॉक प्रमुख बृजेश यादव, आरएसएस के जिला प्रचारक राजेंद्र, पूर्व विधायक डॉ हरेंद्र प्रसाद सिंह, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह, मृगेंद्र सिंह शिव बाबा आदि लोगों ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित किया।

## जौनपुर के बड़ागांव में मौला अली का जन्मोत्सव, भव्य महफिल का आयोजन



-मोहम्मद आसिफ

शाहगंज ,जौनपुर (उत्तरशक्ति)। क्षेत्र के बड़ागांव में शनिवार को मौला अली का जन्मोत्सव 'जश्न-ए-खालिके नहजुल बलागा हजरत अली अस. हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस्लामिक महीने रजब की 13 तारीख को इस अवसर पर बड़ागांव स्थित चहार रौजा प्रांगण में एक भव्य महफिल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधान मोहम्मद अजहर ने की। मौलाना सैयद आरजू हुसैन आब्दी ने तिलावते कुरआन पाक से महफिल का आरंभ किया। बबलू इलेक्ट्रीशियन द्वारा पूरे प्रांगण को सुसज्जित लाइटों से सजाया गया था। कार्यक्रम का संचालन सैय्यद परवेज मेहंदी सहर अर्शी ने किया। चहार रौजे के इंतजामकार हसन मेहंदी ने बताया कि इस महफिल का इतिहास कई दशकों पुराना है। प्राचीन काल में जब आधुनिक सुविधाएं नहीं थीं, तब भी यह आयोजन लैंप और लालटेन की रोशनी में किया जाता था। इस्लामी संस्था सदरे हुसैनी मिशन के अध्यक्ष सैय्यद जीशान हैदर कार्यक्रम के संरक्षक रहे। मोहम्मद हुसैन इंटर कॉलेज के प्रबंधक सैयद तनवीर हुसैन मुख्य अतिथि थे। विशिष्ट अतिथियों में सैयद हसन अब्बास, मौलाना सैयद शौकत रिजवी, बड़ागांव के इमाम-ए-जुमा मौलाना सैयद आज्मी अब्बास और मौलाना इजाज मोहसिन मंचासीन रहे। महफिल में देश के अलग-अलग हिस्सों से आए दर्जनों शायरों और कवियों ने हजरत अली अस. की शान में कसीदे पढ़े और खूब वाहवाही बटोरी। उपस्थित अतिथियों के लिए जलपान समेत अन्य व्यवस्थाएं भी उपलब्ध थीं।

इस जश्न में समीम हैदर, वारिस टेंट हाउस के संचालक मोहम्मद वारिस हाशमी, जिला पंचायत सदस्य की उम्मीदवार (वार्ड नंबर 6) डॉक्टर धर्मेंद्र यादव, कमर अब्बास, रईस अहमद, जाकिर हुसैन, मीसम खान, शाहबाज खान गुर्जर, जफर अब्बास, खुर्शीद हसन सहित हजारों हकीकतमंदों ने भाग लिया और आनंद लिया।